Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 287 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, मंगलवार 14 मई 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

इंसान को चाहिए कि कभी उपकार को ना भुले, बल्कि उपकार से भी बढ़कर प्रत्युपकार दें।

A man should not forget the help, but should answer above the help.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

संक्षिप्त समाचार

उप प्रधानमंत्री ने दिया इस्तीफा, जेएसपी-एन ने गठबंधन सरकार से नाता तोड़ा

काठमांडू (आरएनएस)। नेपाल में जनता समाजवादी पार्टी-नेपाल (जेएसपी-एन) ने पार्टी के विभाजन के एक सप्ताह बाद सोमवार को गठबंधन सरकार से समर्थन वापस ले लिया और पार्टी के नेता उपेंद्र यादव ने देश के उप प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार में गठबंधन सहयोगियों में से एक जेएसपी-एन अपने अधिकांश सांसदों और कई केंद्रीय समिति के सदस्यों की ओर से एक नई पार्टी के लिए आवेदन करने के बाद गठबंधन सरकार से अलग हो गई है। पार्टी के नेता उपप्रधानमंत्री और स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री उपेन्द्र यादव तथा पार्टी के स्वास्थ्य एवं जनसंख्या राज्य मंत्री दीपक कार्की ने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को बड़ा झटका, कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

रांची (आरएनएस)। रांची स्थित पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) स्पेशल कोर्ट ने जमीन घोटाले में जेल में बंद झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत याचिका नामंजूर कर दी है। इस याचिका पर 1 मई को बहस हुई थी। इसके बाद जज राजीव रंजन ने दोनों पक्षों को 4 मई तक लिखित तौर पर जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था।

लोकसभा चुनाव का चौथा चरण : शाम 5 बजे तक 62.31 प्रतिशत हुआ मतदान

तेलंगाना के करीमनगर में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए वोट डालने के बाद भाजपा नेता बंदी संजय कुमार और उनके परिवार के सदस्य अमित स्याही लगी अपनी उंगलियों को दिखाते हुए।

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत देश के 10 राज्यों एवं संघ शासित प्रदेशों की 96 लोकसभा सीटों पर हो रहे मतदान में 5 बजे तक 62.31 प्रतिशत मतदान हो चुका है।

मतदान के राज्यवार आंकड़ों की बात करें तो 5 बजे तक सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 75.66 प्रतिशत मतदाता वोट कर चुके हैं। वहीं, इस रेस में मध्य प्रदेश के मतदाता दूसरे स्थान पर हैं, जहां 5 बजे तक68.01 प्रतिशत वोटिंग हो चुकी है। अन्य राज्यों के मतदान प्रतिशत की बात करें तो 5 बजे तक झारखंड में 63.14, आंध्र प्रदेश में 68.04 , तेलंगाना में 61.16, ओडिशा में 62.96, उत्तर प्रदेश में 56.35, बिहार में 54.14, महाराष्ट्र में 52.49 प्रतिशत और जम्मू कश्मीर में 35.75 प्रतिशत मतदाता वोटिंग कर चुके हैं। आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल व तेलंगाना सहित 10 राज्यों की कुल 96 लोकसभा सीट पर वोट डाले जा रहे हैं। इसके अलावा आंध्र प्रदेश विधानसभा की सभी 175 सीटों और ओडिशा विधानसभा की 28 सीटों के लिए भी मतदान हुआ। चौथे चरण के चुनाव में जो प्रमुख उम्मीदवार मैदान में हैं उनमें समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश की कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। केंद्र सरकार में मंत्री गिरिराज सिंह बिहार की बेगूसराय लोकसभा सीट से मैदान में हैं। नित्यानंद राय उजियारपुर से चुनाव लड़ रहे हैं तो वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी पश्चिम बंगाल की बेहरामपुर सीट से उम्मीदवार हैं। महाराष्ट्र में पंकजा मुंडे बीड से चुनाव लड़ रही हैं। एआइएमआइएम के असदुद्दीन ओवैसी हैदराबाद से चुनाव लड़ रहे हैं। आंध्र प्रदेश में कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष वाई एस शर्मिला कडप्पा लोक सभा सीट से अपना भाग्य आजमा रही हैं। पश्चिम बंगाल में कृष्णानगर से तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा मैदान में हैं। चौथे चरण के इस मतदान में आंध्र प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों पर चुनाव हो रहा है।

बिहार की 5 लोकसभा सीटें, जम्मू एवं कश्मीर की 1 सीट, झारखंड की 4 सीट, मध्य प्रदेश की 8 सीटें भी चौथे चरण के मतदान में शामिल हैं। वहीं महाराष्ट्र की 11 सीटों पर, ओडिशा की 4, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की 8 लोकसभा सीटों पर भी चुनाव हो रहा है।

मतदान के दौरान विधायक ने वोटर को जड़ा थप्पड़ तो वोटर ने भी सबके सामने जड़ दिया तमाचा

नई दिल्ली (आरएनएस)। आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के तेनाली में पोलिंग स्टेशन पर मतदान को लेकर विधायक ने एक आम वोटर को थप्पड जड़ दिया। जिसके बाद वोटर भी चुप नहीं बैठा, उसने भी विधायक के मुंह पर तमाचा दे मारा। जिस के बाद विधायक के समर्थकों ने व्यक्ति की जमकर पिटाई कर दी। दरअसल, तेनाली के एक पोलिंग स्टेशन पर मतदान की लाइन लगी हुई थी। इसी दौरान वाईएसआर कांग्रेस के विधायक ए. शिवकुमार लाइन तोड़कर वोटिंग के लिए बढ़ने लगे। विधायक के ऐसा करने पर पास में खड़े एक मतदाता ने ऐतराज जताया। इस पर विधायक शिवकुमार हत्थे से उखड़ गए और सवाल उठाने वाले मतदाता पर थप्पड़ जड़ दिया। इस पर वह शख्स भी नहीं रुका और तुरंत ही विधायक को भी उसने तमाचा लगा दिया।

प्रधानमंत्री मोदी का काशी में मेगा रोड शो, उमड़ा जनसैलाब

प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे नामांकन

वाराणसी (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को काशी पहुंचे। उन्होंने रोड शो की शुरुआत बीएचयू गेट पर महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ शुरू किया। वह अस्सी घाट के रास्ते गोदौलिया से होते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर तक जाएंगे। यहां दर्शन-पूजन करेंगे। उनके रोड शो में काफी भीड़ उमड़ी है। लंका चौक से पीएम मोदी के रोड शो की शुरुआत हो गई है। रोड शो में भगवा कलर की साड़ी पहनी महिलाएं शामिल हैं। हजारों की संख्या में समर्थक शामिल हुए हैं। पीएम मोदी के रोड शो का भव्य स्वागत किया जा रहा है। सड़क के दोनों तरफ हर वर्ग के लोग उनके स्वागत में पुष्प वर्षा कर रहे हैं।

वाराणसी के मंगल केवट ने पीएम मोदी के रोड शो के पूर्व स्वच्छता का संदेश दिया तो वहीं नन्हे-मुन्हे समर्थकों ने पीएम मोदी का मुखौटा लगाकर साइकिल से भ्रमण किया।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नामांकन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा शासित और गठबंधन वाले 12 राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। इसके अलावा अन्य केंद्रीय मंत्री और भाजपा के पदाधिकारियों की भी मौजूदगी रहेगी।

नामांकन के पहले सुबह करीब नौ बजे पीएम दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा को नमन कर सकते हैं। उनका क्रूज़ से नमो घाट तक जाना भी प्रस्तावित है। यहां से प्रधानमंत्री काल भैरव मंदिर, वहां से फिर नामांकन करने कलेक्ट्रेट जाएंगे। नामांकन के बाद रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी करेंगे। मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी काशी कोतवाल से अनुमति लेकर नामांकन करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को पड़ने वाली गंगा सप्तमी के दिन स्नान कर मां गंगा को नमन भी कर सकते हैं। ज्योतिषाचार्य पं. ऋषि द्विवेदी की मानें तो शास्त्र के अनुसार गंगा सप्तमी और नक्षत्र राज पुष्य नक्षत्र का संयोग के साथ ही रवि योग ग्रहों की अच्छी स्थितियों का निर्माण कर रहा है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन कोई भी कार्य करने से अभिष्ट की सिद्धि होती है। पुष्य नक्षत्र में यदि किसी काम को किया जाए तो उसमें कार्य सिद्धि तय मानी जाती है। ऐसा माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी इस विशेष संयोग में ही अपना नामांकन करेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी से पूछे 5 सवाल

दक्षिण में बीजेपी के अच्छे प्रदर्शन का किया दावा

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक निजी को दिए खास इंटरव्यू में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर जमकर प्रहार किए। इसके साथ ही उन्होंने ओडिशा में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने और दक्षिण के 5 राज्यों केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में भाजपा को ज्यादा सीटें मिलने का दावा किया।

अमित शाह ने कहा कि ओडिशा की जनता लचर प्रशासन से त्रस्त आ चुकी है। ओडिशा की भाषा, संस्कृति, साहित्य का हर रोज अपमान हो रहा है। वहां के लोगों को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने से रोका गया है। इस बार निश्चित तौर पर हम ओडिशा में लोकसभा की 17 सीटें जीतने जा रहे हैं और 4 जून के बाद ओडिशा में नया मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी का बनेगा।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा कि वह लोकसभा की 22 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं और पूरे देश को बिजली मुफ्त देने की बात कर रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा के 370 और एनडीए के 400 पार सीटें जीतने पर कहा कि हम यह दोनों आंकड़े पार करेंगे और 400 पार करके स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे।

इस दौरान अमित शाह ने राहुल गांधी से पांच सवाल भी पूछे : क्या वो ट्रिपल तलाक को हटाने का समर्थन करते हैं, हां या ना? क्या आप मुस्लिम पर्सनल लॉ लाना चाहते हैं, हां या ना? क्या आप सर्जिकल स्ट्राइक का समर्थन करते हैं, हां या ना? आप राम मंदिर दर्शन करने क्यों नहीं गए, इसका जवाब देश की जनता को दे सकते हैं, हां या ना? आप आर्टिकल-370 हटाने का समर्थन करते हैं, हां या ना?

एक साल के अंदर युवाओं को दूंगा पक्की नौकरियां : राहुल गांधी

कांग्रेस की सरकार बनी तो गरीबों और किसानों का माफ कर दूंगा कर्ज : राहुल गांधी

रायबरेली (आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि आपसे मैं वादा करता हूं कि अगर कांग्रेस की सरकार बनी, इंडी गठबंधन के हाथ में पावर आई तो गरीबों और किसानों के कर्ज माफ करा दूंगा। राहुल गांधी सोमवार को पहली बार अपने निर्वाचन क्षेत्र के चुनावी दौरे पर हैं। वह महराजगंज में एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। राहुल गांधी ने कहा कि एक जुलाई 2024 को बहुत बड़ा जादू होने वाला है। 8,500 रुपये महिलाओं के खाते में पड़ेंगे तो यकीन हो जाएगा कि कांग्रेस जो कहती है, वह करती है। राहुल गांधी ने कहा कि आप सभी देखना, 4 जून को केंद्र में इंडी गठबंधन सरकार बनाएगा। आप लोग सिर्फ वोट कीजिए। सोच समझकर कीजिए। आपके वोट से लोकतंत्र की रक्षा ही नहीं होगी बल्कि आपके परिवार की किस्मत भी बदलेगी।कांग्रेस प्रत्याशी ने वादा किया कि केंद्र में सरकार बनते ही एक साल के अंदर युवाओं को पक्की नौकरियां दूंगा और यह वादा आज अपनी कर्मभूमि में खड़े होकर कर रहा हूँ। राहुल ने रायबरेली से चुनाव लड़ने की बाबत कहा कि गांधी परिवार के साथ रायबरेली का 100 साल पुराना रिश्ता है। यहां से मेरी मां सोनिया गांधी, दादी इंदिरा गांधी का कनेक्शन है। रायबरेली मेरी दोनों माताओं की कर्मभूमि है, इसलिए यहां चुनाव लड़ने आया हूं।

राहुल गांधी ने कहा कि कुछ दिन पहले जब मैं अपनी मां के साथ बैठा था तो मैंने उनसे कहा कि मैंने एक वीडियो में कहा था कि मेरी दो मां हैं-सोनिया जी और इंदिरा जी। मेरी मां को यह पसंद नहीं था लेकिन मैंने उन्हें समझाया कि मां ही होती है जो बच्चे को रास्ता दिखाती है। उसकी रक्षा भी करती है। मेरी मां और इंदिरा जी दोनों ने मेरे लिए यह किया।

जल्द शादी करेंगे राहुल गांधी, सबके सामने किया ऐलान

रायबरेली (आरएनएस)। कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी की शादी का उनके चाहने वालों को बेसब्री से इंतजार है। आज राहुल गांधी ने रायबरेली में जनसभा की, तब उनके साथ बहन प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। राहुल ने कहा- रायबरेली मेरी दो माताओं की कर्मभूमि है। इसीलिए मैं यहां से चुनाव लड़ने आया हूं। सभा में राहुल से पूछा गया कि, शादी कब करेंगे। राहुल ने जवाब में कहा- जल्दी करनी पड़ेगी। राहुल इस बार रायबरेली और वायनाड से चुनाव लड़ रहे हैं। दरअसल आज की जनसभा में राहुल गांधी से यह सवाल एक बच्चे ने कियाथा। इस सवाल का जवाब देते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'अब लगता है कि जल्द ही करनी पड़ेगी।' कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज रायबरेली में घर-घर चुनाव अभियान किया। इस दौरान वो घर-घर जाकर लोगों से मिल रही हैं। राहुल गांधी ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं ने साफ कहा है कि अगर चुनाव जीते तो संविधान को बदल देंगे। संविधान के बिना अडानी और अंबानी की सरकार होगी। आरक्षण और आपको जो भी चीजे मिलती है वो सब खत्म हो जाएंगी। राहुल गांधी ने आगे कहा कि संविधान खत्म होने से आपका रास्ता खत्म हो जाएगा। ये लड़ाई संविधान को बचाने की है।

सीबीएसई ने जारी किए 12वीं के नतीजे

रायपुर (आरएनएस)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने आज यानी 13 मई को 12वीं कक्षा के नतीजे घोषित कर दिए हैं। वे सभी जो 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में उपस्थित हुए थे, वे अपना परिणाम सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। सीबीएसई 12वीं कक्षा के नतीजे छात्र आधिकारिक वेबसाइट और डिजीलॉकर सहित अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। कक्षा 12 का उत्तीर्ण प्रतिशत 87.98 प्रतिशत है जो पिछले वर्ष के 87.33 प्रतिशत से 0.65 प्रतिशत अधिक है। जारी किए गए परिणाम के अनुसार, 24,000 से अधिक उम्मीदवारों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और 1.16 लाख से अधिक ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वी का रिजल्ट जारी।

ऐसे देखें परिणाम : स्टेप 1- रिजल्ट जारी होने के बाद सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं. स्टेप 2- होम पेज पर, क्लिक करें.स्टेप 3- लॉग इन पेज खुल जाएगा, यहां अपना रोल नंबर और जन्म तिथि दर्ज करें. स्टेप 4- आपका सीबीएसई बोर्ड रिजल्ट स्क्रीन पर खुल जाएगा, इसे चेक करें. स्टेप 5- छात्र यहां से रिजल्ट की डिजिटल कॉपी डाउनलोड करके अपने पास रख सकेंगे. सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं की परीक्षा 7126 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी. इस साल 12वीं में कुल 1,63,3730 स्टूडेंट्स ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमें से 1621224 स्टूडेंट्स परीक्षा में उपस्थित हुए थे. साल 2024, 12वीं की परीक्षा में 1426420 पास हुए थे. इस साल कुल पास प्रतिशत 87.98 रहा है. पिछले साल (2023) का कुल पास प्रतिशत 87.33 रहा था।

12वीं के बाद सीबीएसई 10वीं का भी रिजल्ट जारी, इस डायरेक्ट लिंक पर करें चेक

नई दिल्ली (आरएनएस)। सीबीएसई ने 12वीं के बाद अब 10वीं कक्षा का रिजल्ट भी जारी कर दिया है। 2024 की 10वीं या मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र अपना परिणाम केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in या cbseresults.nic.in से देख सकेंगे। इसके अलावा आप इस डायरेक्ट लिंक पर भी अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। बता दें, सीबीएसई कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से 13 मार्च 2024 के बीच हुईं, जबकि कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से 2 अप्रैल 2024 के बीच आयोजित की गईं। दोनों परीक्षाएं एक ही शिफ्ट में आयोजित की गई थीं।

रायबरेली में गरजे सीएम योगी कहा- राहुल और अखिलेश की जोड़ी जनता को लूटने के लिए बनी

लालगंज, रायबरेली (आरएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को रायबरेली जनपद के लालगंज के बालेश्वर मंदिर मेला मैदान में लोकसभा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में जनसभा करते हुए कहा कि राहुल और अखिलेश की जोड़ी जनता को लूटने के लिए बनी है। जिसे भारतीय जनता पार्टी सफल नहीं होने देगी। मुख्यमंत्री की जनसभा में भारी जन सैलाब उमड़ा।मुख्यमंत्री योगी ने जनसभा में पहुंचने से पहले हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद सनातन धर्म का पालन करते हुए पहले बाबा बालेश्वर मंदिर पहुंचकर दर्शन किया और फिर चुनावी मंच पर पहुंचकर कांग्रेस व समाजवादी पार्टी दोनों को जमकर ललकारते हुए कहा कि रायबरेली की धरती राणा बेनी माधव, वीरा पासी और आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की धरती है ,जहां पर सनातन धर्म गूंजने लगा है और अबकी बार यहां की जनता कांग्रेस के प्रत्याशी को भगाने का काम करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने भी मंच से 400 के पार का नारा देते हुए लोगों से रायबरेली पार पर भी हाथ उठाया और कहा कि इस बार रायबरेली पार होना भी निश्चित है ।मुख्यमंत्री योगी जी ने अयोध्या के राम मंदिर का भी उल्लेख किया और कहा कि कांग्रेस कहती थी, राम का अस्तित्व नहीं है ।आज चुनाव आने पर मंदिर जाने पर मजबूर हैं। समाजवादी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिन्होंने राम भक्तों पर गोली चलाई, राम जन्मभूमि पर हमला करने वाले आतंकवादियों के मुकदमे वापस किया। वे राम मंदिर के पक्ष में कैसे हो सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव राम भक्तों व राम द्रोहियों के बीच सिमट गया है।

पीएम नरेन्द्र मोदी ने तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में टेका माथा, केसरिया रंग की पगड़ी बांधे नजर आए; लंगर में की सेवा

पटना (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने बिहार के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन सोमवार की सुबह गुरु गोविंद सिंह जी की जन्मस्थली तख्त श्री हरमंदिर जी पहुंचे और हाजिरी लगाई। इस दौरान प्रधानमंत्री केसरिया रंग की पगड़ी बांधे नजर आए। प्रधानमंत्री मोदी ने हरिमंदिर साहिब में मत्था टेका और लंगर में सेवा की। इस दौरान गुरुघर की मर्यादा के अनुकूल प्रधानमंत्री का स्वागत किया गया। प्रबंधक कमेटी की ओर से पहले से ही उनके आगमन को लेकर विशेष तैयारी की गई थी।मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जो हरमंदिर साहिब पहुंचे। पटना साहिब के भाजपा प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद भी इस दौरान उनके साथ मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने लंगर का प्रसाद बनाया और रोटियां बनाईं। इस दौरान उन्होंने शस्त्रों के दर्शन किए और शबद सुने। लोगों से मिले और सभी का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी जी ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने गुरु गोविंद सिंह के पावन जन्मस्थली के दर्शन किए। इससे पहले रविवार को प्रधानमंत्री ने पटना में रोड शो किया था। रविवार की रात वो राजभवन में ही रुके। सोमवार को उनका हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और सारण में चुनावी कार्यक्रम है।

यह चरण 'इंडिया' गठबंधन की जीत के लिए अहम : मल्लिकार्जुन खड़गे

नई दिल्ली (आरएनएस)। सोमवार को लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 96 सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से जारी है। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह इंडिया ब्लॉक की जीत के पक्ष में माहौल बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण चरण है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, यह माहौल को पूरी तरह 'न्याय' के पक्ष में मोड़ने और इंडिया गठबंधन को जिताने का महत्वपूर्ण चरण है। समाज को बांटने वाले नफरत भरे भाषण ध्यान भटका रहे हैं, इससे डरें नहीं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा, मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप लोकतंत्र और हमारे अस्तित्व का आधार 'भारत के संविधान' की रक्षा में हमारे सामूहिक उद्देश्य पर फोकस करें।

लोकसभा चुनाव के पहले तीन चरणों में, आपने लोकतंत्र के लिए मतदान कर संविधान को निरंकुश ताकतों से बचाने का प्रयास किया। आज 10 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की 96 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं।

यह माहौल को पूरी तरह से न्याय के पक्ष में मोड़ने और इंडिया गठबंधन को जीत दिलाने के लिए एक महत्वपूर्ण चरण है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा, हमारे प्यारे भारत में स्वतंत्रता, न्याय, समानता और भाईचारे की भावना को फिर से जगाने की हमारी लड़ाई में ये सर्वोपरि हैं। मैं पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं का हार्दिक स्वागत करता हूं जो बदलाव चाहते हैं। मतदान अवश्य करें और अपने परिवार, दोस्तों और पड़ोसियों को बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें।

संक्षिप्त समाचार

हरिहर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल गोबरा नवापारा में प्रवेश हेतु आज निकाली जाएगी लॉटरी

नवापारा राजिम (विश्व परिवार)। अंचल के प्रतिष्ठित हरिहर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल गोबरा नवापारा में सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश हेतु आज 14 मई को प्रात: 9 बजे लॉटरी निकाली जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए संस्था प्राचार्य श्रीमती संध्या शर्मा ने बताया कि इस संस्था में कक्षा एक से बारहवीं तक अंग्रेजी माध्यम में कक्षाएं संचालित होती हैं. जिसमें प्रवेश हेतु आज 14 मई को लाटरी निकाली जायेगी. वहीं विद्यालय के सूचना पटल में पात्र-अपात्र की सूची चस्पा कर दी गई है. जिसमें से पात्र आवेदनों में से प्रवेश हेतु लाटरी निकाली जायेगी. वहीं लाटरी से चयनित आवेदनों के दस्तावेज का सत्यापन 16 से 20 मई तक करवाना होगा.

रिटायर्ड एएएसी के पुत्र ने मोबाईल टॉवर में चढ़कर किया हंगामा

दुर्ग (आरएनएस)। जिले के भिलाई टाउनशिप में रविवार देर शाम एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ा और कूदने की धमकी देने लगा। यह घटना भिलाई के सेक्टर-8 की है। इसकी सूचना आस पास खेल रहे बच्चों ने लोगों को दी। उसके बाद स्थानीय लोगों ने भिलाई पुलिस को सूचना भेजी। पुलिस के आने के बाद पता चला कि युवक जिले से रिटायर हुए एडिशनल एसपी कविलाश टंडन का 31 वर्षीय बेटा लक्की टंडन है। जिसके बाद पुलिस की बड़ी मिन्नतों के बाद युवक नीचे उतरा। जानकारी के अनुसार भिलाई नगर पुलिस को रविवार रात सूचना मिली कि सेक्टर 8 में बीएसएनएल के मोबाइल टावर पर कोई चढ़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। वहां पर लोगों की भीड़ लगी हुई थी।

गोस्वामी समाज शंकराचार्य के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी : विजय शर्मा

महादेव घाट में गोस्वामी समाज का महासम्मेलन

राजिम (विश्व परिवार)। भारतीय संस्कृति के विकास में आदि शंकराचार्य का विशेष योगदान रहा है।आदि गुरू शंकराचार्य ने सम्पूर्ण भारत में भ्रमण कर चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की। उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा। श्री शर्मा प्रांतीय सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा राजधानी के पाल भवन में आयोजित शंकराचार्य प्रकाट्य समारोह के मुख्य अतिथि थे।श्री शर्मा ने सामाजिक बंधुओं की अपार उपस्थिति को संबोधित करते हुए आगे कहा कि उन मठों से दशनाम गोस्वामियों को संबद्ध कर सनातन धर्म के रक्षार्थ कार्य सौंपा। इस प्रकार दशनाम गोस्वामी समाज आदिगुरू शंकराचार्य के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी हैं। उन्होंने आगे कहा कि गोस्वामी समाज संपूर्ण समाज का पथ प्रदर्शक है, जिस प्रकार आदिगुरु शंकराचार्य जी ने तात्कालीन समय में समाज में प्रचलित जाति प्रथा, छुआछूत, पशु बलि जैसे कुरीतियों का प्रबल विरोध किया, उसी प्रकार गोस्वामी समाज संपूर्ण समाज को पथ प्रदर्शित करते हुए सनातन संस्कृति की ध्वजा फैलाने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थापक एवं नीति निर्धारण समिति के सदस्य रमन गिरि ने कहा शंकराचार्य अद्वैत वेदम के प्रणेता माने जाते हैं। उनके विचारों प्रदेश आत्मा और परमात्मा की एकरूपता पर आधारित है। जिनके अनुसार परमात्मा एक ही समय में शगुन और निर्गुण दोनों ही स्वरुप में विद्यमान रहता है। विशिष्ट अतिथि की आसंदी से संस्थापक सदस्य ओंकार पुरी ने कहा कि बालक शंकर में अद्भुत गुण विद्यमान था, 3 वर्ष की आयु में हुए वेदों का ज्ञान प्राप्त करना प्रारंभ कर लिया, 8 वर्ष की आयु में चारों वेदों में निष्णात हो गए, 12 वर्ष की आयु में सभी शास्त्रों में पारंगत हो गए। और 16 वर्ष की आयु में 100 से भी अधिक ग्रंथों की रचना कर चुके थे। देश के चारों कोनों में चार पीठों की स्थापना कर धर्म, संस्कृति, समाज व राष्ट्र के उत्थान की दिशा में कार्य कर 32 वर्ष की अवस्था में केदारनाथ में समाधिष्ट हो गए। अल्पायु में ही उन्होंने संपूर्ण भारत वर्ष को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया। विशिष्ट अतिथि नारायण दास त्यागी जी महाराज ने शंकराचार्य के जीवन दर्शन से संबंधित प्रेरक प्रसंग सुनाएं। संरक्षक उमेश भारती गोस्वामी ने शंकराचार्य दर्शन का सार प्रस्तुत करते हुये कहा कि ब्रह्म और जीव मूलत: और तत्वत: एक है, जो अंतर हमें नजर आता है। उसका कारण अज्ञान है। जीव की मुक्ति के लिए ज्ञान आवश्यक है, और जीव की मुक्ति ब्रह्म में लीन हो जाने में है। कार्यक्रम का प्रारंभ केशव गिरि के मार्गदर्शन व भगवद्गाचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, स्वस्तिवाचन वाचन पूजा अर्चना के साथ हुआ। अतिथि स्वागत के प्रसाद प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि गोस्वामी द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा तोषण गिरि महासमुन्द, संजय गोस्वामी जशपुर, पत्रकार कामेश्वर पुरी राजिम, सृष्टि गोस्वामी बिलासपुर, शिखा गोस्वामी चंदखुरी मुंगेली, नित्या गोस्वामी व पावस गिरि तोरला महासमुन्द, सहित समाज के 17 भगवद्गाचार्यों का स्मृति चिन्ह, श्रीफल व भगवा वस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सुरेन्द्र कृष्ण गिरि, महाराज भाटापारा, मानस मर्मज्नश भारती पामगढ़ जांजगीर, टंकेश्वर गिरि जी इंदौरी बेमेतरा, रामेश्वर गिरि जी मठपुरैना रायपुर, श्रीमती नीलू-सुजीत गोस्वामी रायपुर, बेनू गिरि जी नया रायपुर, संतोष पुरी जी साराडीह महासमुन्द, बाल विदुषी कीर्ति किशोरी जी नगर पंचायत पलारी बलौदाबजार, बाल विदुषी रेणुका गोस्वामी जी लेवई भाटापारा, श्रीमती मोंगरा गोस्वामी सोनडबरी रायपुर, तरुण पुरी गोस्वामी जी अरंड महासमुन्द, बाल विदुषी सुश्री गीता गोस्वामी जी पथर्रा राजिम, रामकिशोर गिरि जी मचांदुर दुर्ग, बाल विदुषी किशोरी आंचल गोस्वामी शक्ति, राजेन्द्र गिरि गोस्वामी जी कोसरंगी, ज्योतिषाचार्य आशुतोष गोस्वामी रायपुर, भरत गिरि खम्हारी पारा गरियाबंद शामिल हैं। संपूर्ण कार्यक्रम विष्णु गिरि के संयोजन, घनश्याम गिरि व बद्री पुरी के सह संयोजन पोखराज बन के समन्वय तथा प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक गिरि व भूपेन्द्र पुरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन ट्यूशन गिरी एवं ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण पुरी और आभार विष्णु गिरी ने किया। इस अवसर पर जिले के अध्यक्ष दुर्ग जिलाध्यक्ष धनराज पुरी, गरियाबंद जिला अध्यक्ष काशीपुरी कुंदन, कोरबा जिलाध्यक्ष घांसी गिरि, रायगढ़ जिला सचिव भुनेश्वर बन, महासमुन्द जिलाध्यक्ष तोषण गिरि आदि मौजूद थे।

कलेक्टर ने टॉपर छात्राओं को कराया भोज, कैरियर को लेकर दिए जरूरी टिप्स

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री के. एल. चौहान ने 10वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले जिले की पांचों छात्राओं को भोज के लिए आमंत्रित किया। कलेक्टर के आमंत्रण पर रविवार को पांचों छात्राओं ने जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित कलेक्टर आवास भोज हेतु पहुंचीं। कलेक्टर श्री चौहान ने इस दौरान छात्राओं को आगे की पढ़ाई एवं कैरियर के सम्बंध में महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। गौरतलब है कि 10 वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा की प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में जिले के 5 छात्राओं ने स्थान बनाया है जिसमें 10वीं में निधि साहु 5 वां, 12 वीं में कोपल अम्बष्ट दूसरा, प्रीति तीसरा, डॉली पटेल एवं अदिति साहु संयुक्त रूप से 6 वां स्थान शामिल हैं।

कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर
प्रथम एवं पंचम तल, व्यवसायिक परिसर (दक्षिण-पुर्व कार्नर), सेक्टर-27, नवा रायपुर, अटल नगर
फोन नं.-0771-4016094 E-mail ID:- em-zone2@yahoo.com

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नालिखित हितग्राहियों को लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भवन/फ्लैट को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अत: इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

क्र.	आबंटी का नाम	पिता/पति का नाम	भवन क्रमांक	कॉलोनी का नाम
1	श्री कमल कुमार श्रीवास	स्व. श्री आनंद श्रीवास	स्वतंत्र भवन क्रमांक-248	अटल आवास योजना गातापार अभनपुर, रायपुर
2	श्रीमति सुकन्तीन गोड़	श्री शिव कुमार गोड़	स्वतंत्र भवन क्रमांक-284	अटल आवास योजना गातापार अभनपुर
3	श्री अशोक कुमार अग्रवाल	स्व. श्री कृष्णलाल अग्रवाल	भूखण्ड क्रमांक-34	विशेष आवासीय योजना धरमपुरा, रायपुर

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना
नवा रायपुर, अटल नगर

अवैध मुरूम उत्खनन करते पाये जाने पर वन विभाग द्वारा की गई कार्यवाही

रायपुर (विश्व परिवार)। दिनांक 11.05.2024 को कवर्धा वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्राधिकारी रेंगाखार (सा.) में मुखबीर के द्वारा जे.सीबी. से मुरूम का अवैध उत्खनन किये जाने की सूचना प्राप्त होने के फलस्वरूप वनमंडलाधिकारी कवर्धा के निर्देशन एवं उप वनमंडलाधिकारी स.लोहारा के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र अधिकारी, रेंगाखार सामान्य, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी समनापुर, परिसर रक्षक तितरी एवं अन्य स्थानीय कर्मचारियों की टीम गठित कर मौका स्थल निरीक्षण किया गया जिसमें परिसर समनापुर के कक्ष क्रमांक 347 पी.एफ. में 01 नग जे.सीबी. वाहन से मुरूम का अवैध उत्खनन करते देखा गया।

वन विभाग के टीम को देखकर जे.सीबी. वाहन चालक मौके से जे.सीबी. वाहन को लेकर भागने लगा। टीम के द्वारा तत्काल क्षेत्र की घेराबंदी कर ग्राम उमरिया पत्थराटोला मार्ग पर 01 नग जे.सीबी. वाहन जप्त किया गया। पूछताछ के दौरान वाहन चालक जसंवत वल्द रामप्रसाद मेरावी साकिन तितरी तहसील रेंगाखार थाना रेंगाखार, जिला कबीरधाम (छ.ग.) द्वारा बताया गया कि (सचिव) रमेश पटले पिता भरतलाल पटले ग्राम तितरी के द्वारा अपने निजी उपयोग हेतु मुरूम उत्खनन करने को कहा गया।

इस प्रकार बिना दस्तावेज के विनिर्दिष्ट वन क्षेत्र में मुरूम का अवैध उत्खनन किये जाने पर परिसर रक्षक द्वारा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1) ग एवं 41 (ख) के तहत् वन अपराध प्रकरण क्रमांक 18067/15 दिनांक 11.05.2024 पंजीबद्ध कर वाहन सुपुर्द में लिया गया।

छत्तीसगढ स्टेट सीनियर ओपन व वूमेन फीडे रेटेड चेस चैंपियनशिप पिथौरा में

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में जिला शतरंज संघ महासमुंद द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के विशेष सहयोग से पिथौरा के अग्रसेन भवन में 7 जून से 10 जून तक सीनियर महिला व पुरुष की राज्य चयन स्पर्धा कराई जाएगी। यह जानकारी राज्य शतरंज संघ के सचिव हेमन्त खुटे व आयोजन समिति के संयोजक ईश्वर सिंह राजपूत ने दी।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,

सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27 नवा रायपुर, अटल नगर
फोन नं.-0771-4016094
E-mail id:- em_zone2@yahoo.com

// आम-सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक **1424** दिनांक **07.03.2009** के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27, में स्वतंत्र भवन क्रमांक-**पी2ए/295**, को **श्रीमति सुप्रिया शर्मा पति श्री संतोष कुमार एवं श्री संतोष कुमार पिता श्री कृष्ण देव शर्मा**, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक **18.11.2011** को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में **श्रीमति सुप्रिया शर्मा पति श्री संतोष कुमार एवं श्री संतोष कुमार पिता श्री कृष्ण देव शर्मा**, निवासी- लिली-205, फेस-ए, तालपुरी ट्विन सिटी, भिलाई वेस्ट, दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्री शिव प्रकाश पाल पिता श्री रामराज पाल एवं श्रीमति सरला पाल पति श्री शिव प्रकाश पाल**, निवासी- फ्लैट नं.-516, एस/एफ एलआईजी फ्लैट, पॉकेट-113, द्वारका फेस-1, पालम गांव, दक्षिण पश्चिमी दिल्ली, पिन नं.-110045, को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27, में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक-**पी2ए/295**, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना
नवा रायपुर, अटल नगर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,

सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी **पुरेना**, जिला- रायपुर में निर्मित सामान्य आवास योजनांतर्गत **पुरेना जिला-रायपुर में ई.डब्ल्यु.एस. फ्लैट क्रमांक-04, ब्लॉक-08 भूतल, श्री दीपक कुमार बसरानी पिता स्व. श्री देव कुमार बसरानी**, के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त **फ्लैट** का लीजडीड दिनांक **30.05.2011** को निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी **श्री दीपक कुमार बसरानी पिता स्व. श्री देव कुमार बसरानी**, पता- स्टेशन रोड, वार्ड-09, महासमुंद जिला-महासमुंद (छ.ग.) के द्वारा उक्त **फ्लैट** को क्रेता **श्रीमती शैली चौधरी पति श्री ज्योतिष** पता- वार्ड-20, म.नं.-236 पी.एच.ई. ऑफिस के पास बी.टी.आई. रोड महासमुंद (छ.ग.) के नाम पर विक्रय दिनांक **15.12.2014** को कर दिया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त **फ्लैट** क्रेता **श्रीमती शैली चौधरी पति श्री ज्योतिष चौधरी**, पता- वार्ड-20, म.नं.-236 पी.एच.ई. ऑफिस के पास बी.टी.आई. रोड महासमुंद (छ.ग.) के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उक्त फ्लैट के **नामांतरण करने** में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.

AUCTION NOTICE — IndusInd Bank Ltd.

Bids are invited to Sale below mentioned vehicle as on where is basis, for inspection interested person may contact to respective person on given contact no as below. Through the present notice we hereby once again call upon the borrower & Co-borrower concerned for clear their dues on or before **20.05.2024**, else we shall be constrained to sell off the vehicle and loss if any shall be recovered from them.

Branch Name	Deal No.	Customer/ Co-borrower Name	Vehicle Model	Reg. No.	Chassis No.	Engine No.	Yard Name	Contact Person
RAJNAND-GAON	FRG00286G	MR.N CHAMRU RAM/KUNTI	Ape Auto Dx Bs Vi	CG07CP1210	MBX-000AW-F2J326608	A3H1649630	Gagan Yard Rajnandgaon	HEMANT YADAV 9713500181
AMBIKA-PUR	FRC00634G	SUKH SAY/ USHA DEVI	TATA ACE GOLD PET-ROL BS6	UR	MAT559034 PZC07563	275 MP-FI03CWX S40668	MAHAMAYA YARD, AMBIKAPUR	KARMVEER SINGH, 9644370009
BILASPUR	FRB00844G	ARAVIND KUMAR TANDAN/ AMRIT LAL	MAHINDRA JEETO PLUS 16 BS 6	CG10BL3728	MA1KP2U-GEN3L72699	UGN3L07958	JAIN CAMPUS YARD, BILASPUR	RAVI SINGH CHAUHAN, 7000827278
BILASPUR	FRB00831G	RAVI YADAV/ ISWARI	APE AUTO DX BS 6	CG10BL1719	MBX0006FF1 J216900	S2H9221305	JAIN CAMPUS YARD, BILASPUR	RAVI SINGH CHAUHAN, 7000827278
PENDRA	FBP00262G	GANGA RAM/ RAMESH	ATUL GEM 3P (D) BS VI	CG31A5832	MCG37RD-BJ2206987	S2G9217994	RAJPUT PARKING YARD, PENDRA	RAVI SINGH CHAUHAN, 7000827278

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,

सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **सड्डू,** रायपुर में स्थित **एल.आई.जी. भवन क्रमांक-987, श्री रामबाबू गुप्ता पिता स्व. श्री लक्ष्मीनारायण गुप्ता** के नाम से नामांतरित है, नामांतरी द्वारा उक्त भवन की **विक्रय विलेख** दिनांक **30/07/2009** पंजीकृत कराने के उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर नामांतरण आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में नामांतरी **श्री रामबाबू गुप्ता पिता स्व. श्री लक्ष्मीनारायण गुप्ता,** निवासी- एल.आई.जी.-987, घसीदास मंदिर के पास, सेक्टर-06, सड्डू हाउसिंग बोर्ड, रायपुर तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती लक्ष्मी साहू पति टंकधर साहू,** निवासी- गली नंबर-03, तरूण नगर, पंडरी, शंकर नगर, रायपुर तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) को **विक्रय** करने के लिए इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अत: उक्त भवन के **विक्रय के संबंध में** किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,

सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कबीर नगर** रायपुर में निर्मित स्ववित्तीय योजना के अंतर्गत, भवनों में से भवन क्रमांक **एल.आई.जी. ब्लॉक नं.-104, फ्लैट नं.-03, फेस-।।। में (1) श्री शशांक द्विवेदी पिता श्री इन्द्रमुनी प्रसाद द्विवेदी (2) श्रीमती स्वाति द्विवेदी पति श्री शशांक द्विवेदी,** को स्ववित्तीय/एकमुश्त आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **31.12.2019** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी के द्वारा उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **08.05.2024** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन **श्रीमती तनु सिंह पति श्री आशंक कुमार सिंह** के नाम से विक्रय करने के लिए **विक्रय अनुमति** की मांग की है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के **विक्रय के संबंध** में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)

शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./8855/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 13-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 8855
वार्ड का नाम-34- लाल बहादुर शास्त्री

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-34 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR332F0315A** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VINAY RAMANI S/O RAMESH RAMANI, SMT. PRIYANSHI RAMANI W/O VINAY RAMANI** पिता/पति श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. NITIN NAMDEO 2. SHYAMLI NAMDEO** पिता/पति श्री/श्रीमती **1. K.L. NAMDEO 2. NITIN NAMDEO** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)

शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./11297/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 11-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11297
वार्ड का नाम-34- लाल बहादुर शास्त्री

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 34 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR333A00491** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **FARHAT JABIN** पिता/पति श्री/श्रीमती **MO. ALIM KHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ALFIYA HUSSAIN** पिता/पति श्री/श्रीमती **WASIM AKRAM KHAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)

शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./11275/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 11-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11275
वार्ड का नाम-48- मदर टेरेसा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 48 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR443F00381** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GAYA PRASAD PATEL** पिता/पति श्री/श्रीमती **BHAGWANDEEN PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MANOJ KUMAR PATEL** पिता/पति श्री/श्रीमती **GAYA PRASAD PATEL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सहमति पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)

शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./11268/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 11-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11268
वार्ड का नाम-48- मदर टेरेसा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 48 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR443F00074** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. VRINDAWATI YADAV** पिता/पति श्री/श्रीमती **DULABH DAS YADAV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DULABH DAS YADAV** पिता/पति श्री/श्रीमती **BACHAN SINGH YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्री नामा, एवं शपथ पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)

शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./11266/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 11-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11266
वार्ड का नाम-48- मदर टेरेसा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-48 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR342A00065** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NARENDRA BHATIYA** पिता/पति श्री/श्रीमती **HASHANAND BHATIYA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MS AGRAWAL SPONGE PVT LTD DWARA DAIRECTORE ANKUR AGRAWAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **KAILASH AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)

शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./11251/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 11-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11251
वार्ड का नाम-48- मदर टेरेसा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 48 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR443H00008** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **HARGUN LAL PINJANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **MR. RADHOMAL PINJANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ASHISH KUMAR PINJANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **SW HARGUNLAL PINJANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सहमति पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)

शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./11253/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 11-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11253
वार्ड का नाम-48- मदर टेरेसा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-48 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR443H00028** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. SANTOSH MARWAH** पिता/पति श्री/श्रीमती **VIJAY MARWAH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SEE SAW IRON STEEL PRAVATE LIMITED DWARA SHREE KAILASH AGARWAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **SHREE SATYANARAYAN AGARWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)

शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./11258/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 11-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11258
वार्ड का नाम-48- मदर टेरेसा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 48 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR443D00002** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ASHOK KUMAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **NAVALMAL JAISINGHANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SANJAY KUMAR JAISINGHANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **SW ASHOKE JAISINGHANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सहमति पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर मंगलवार 14 मई 2024

पहाड़ी क्षेत्रों में पानी की समस्या : नलजल योजना से पानी की आपूर्ति नहीं

पंचायत में पानी की समस्या है।



कोरबा(विश्व परिवार)। पहाड़ी क्षेत्रों में पानी की समस्या गंभीर है। इन क्षेत्रों में न तो ग्रामीणों को पीने के लिए साफजल उपलब्ध होता है और न ही खेती के लिए पानी। ग्रामीणों की इस समस्या को देखते हुए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से कोशिशें की जा रही है लेकिन सरकारी कोशिशें जमीन पर लोगों का भरोसा नहीं जीत पा रही है। जिला मुख्यालय से लगभग 85 किलोमीटर की दूरी पर विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र में चोटिया के करीब ग्राम पंचायत लाद स्थित है। पंचायत में पानी की समस्या है। भूजल स्तर काफी नीचे है। इस स्थिति में ग्रामीणों को पीने के लिए पानी नहीं मिलता। इस गंभीर समस्या को देखते हुए केंद्र सरकार ने ग्राम पंचायत लाद में रहने वाले लोगों को साफ पानी पहुंचाने के लिए योजना बनाई। नलजल के तहत गांव में पानी की टंकी बनाकर घर- घर जल पहुंचाने के लिए कार्ययोजना बनाई गई। इसे आगे बढ़ाते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया पूरी किया और ग्राम पंचायत लाद के सरईटिकरा और ललमट्टा में लोहे के स्ट्रक्बर पर सिनटेक्स लगाया गया। गांव में रहने वाले लोगों को बताया गया कि योजना पूरी होने के बाद उनके घरों में नल के जरिए जल पहुंचेगा। साल गुजर गए लेकिन ग्रामीणों के घर नल से जल नहीं पहुंचा। शिवलाल पंडो ने बताया कि गांव के लोगों को नल के जरिए पानी उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायत लाद के सरईटिकरा पारा में लोहे का स्ट्रक्चर तैयार किया गया। इसके उपर काले रंग की दो सिंटेक्स लगाया गया। सिंटेक्स तक जल पहुंचे इसके लिए पास में ही बोर खोद गया जो लगभग 250 फीट से ज्यादा गहरा है। इतनी अधिक गहराई पर पानी मिल गया। बोर में सबमर्शिबल पंप लगाकर संबंधित ठेकेदार ने पाइप के जरिए सिंटेक्स तक पानी पहुंचा दिया लेकिन सिंटेक्स के पाइप का कनेक्शन ला केघरों तक पानी पहुंचने के लिए बिछ गई मेन पाइप से नहीं जोड़ा। 6 मा से ठेकेदार काम बंद करके लापता है गांव के लोगों ने इस संबंध में कई बा संबंधित ठेकेदार से बातचीत की त ठेकेदार आजकल में काम पूरा करने का आश्वासन देता रहा लेकिन योजना के काम को आधा-अधूरा छोडकर भाग गया।

अपहरण-फिरौती मांग का गंभीर आरोप : पिता पुत्र पर अपराध दर्ज

कोरबा(विश्व परिवार)। पुलिस ने पीएचई विभाग के एसडीओ और उसके पुत्र के खिलाफएफ्आईआर दर्ज किया है। आरोप है कि बैंगलुर में पढ़ रहे एसईसीएल कर्मी के पुत्र का अपहरण कर साढ़े 5 लाख रूपये की फिरौती मांगी गयी थी। पीएचई विभाग में पदस्थ एसडीओं के पुत्र द्वारा दी गयी इस धमकी के मामले में उसके पिता ने भी अपने बेटे का पक्ष लिया था। इस पूरे मामले में कोर्ट के आदेश के बाद अब पुलिस ने एसडीओं और उसके पुत्र के खिलाफ एफ्आईआर दर्ज कर लिया है। पीएचई विभाग में पदस्थ एसडीओं के पुत्र द्वारा दी गयी इस धमकी के मामले में उसके पिता ने भी अपने बेटे का पक्ष लिया था। इस पूरे मामले में कोर्ट के आदेश के बाद अब पुलिस ने एसडीओं और उसके पुत्र के खिलाफएफ्आईआर दर्ज कर लिया है। कुछ देर बाद तन्मय ने संयज के बेटे के साथ मारपीट का आडियों भी सुनाया गया। जिसके बाद परेशान संयज कुमार ने तन्मय के पिता वाय.एस.मेहरराज से संपर्क कर इस बात की जानकारी दी गयी। मुंगेली के पीएचई विभाग में एसडीओं के पद पर कार्यरत मेहरराज ने संजय कुमार की बातों को अनसुना करते हुए पैसे दे देने की बात कहकर अपने बेटे का पक्ष लिया गया।

संक्षिप्त समाचार

एक युवक ने लाईव विडयो बनाकर किया सुसाईड

सूरजपुर(विश्व परिवार)। जिले के जयनगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने लाइव विडियो बनाते हुए सुसाइड कर लिया है। मृतक के सुसाईड का वीडियो सामने आया है, जिसको लेकर क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। मिली जानकारी के सूरजपुर जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के महावीरपुर गांव में एक नाबालिक लड़के ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली और इसका लाइव वीडियो बनाया जो कि सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। अभी तक आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद परिजन नाबालिक को अंबिकापुर जिला अस्पताल ले गए थे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। नाबालिग लड़के ने ऐसा क्यों किया यह अभी अज्ञात है पर स्थानीय लोगों अनुसार मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है।

आरक्षक ने खुद को मारी गोली

रायगढ़(विश्व परिवार)। रायगढ़ पुलिस के एक लाइन अटैच आरक्षक ने खुद को गोली मार ली है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल दाखिल कराया, जहां से बिलासपुर अपोलो अस्पताल के लिए रिफर किया गया है। शहर के इंद्रा नगर में रहने वाले आरक्षक सन्नी मालाकार ने अपने निवास पर खुद को गली मारी है. मौके पर एसपी दिव्यांग पटेल, एडिशनल एसपी सहित जूटमिल और चक्रधर नगर थाना प्रभारी सहित पुलिस के जवान मौजूद रहे.एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि आरक्षक ने खुद को गोली मारी है, जो चेस्ट पर लगी है, उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पारिवारिक समस्या के कारण जवान ने ऐसा कदम उठाया है.

गर्मी में पानी की किल्लत नगरवासी परेशान

कोरबा(विश्व परिवार)। नगर क्षेत्र के चरमराई बिजली व्यवस्था से नगरवासीयों के सामने पेयजल संकट से जुझना पड रहा है एक बाल्टी पानी के लिए दूर से सायकल मे ढुलाई कर लाना पड रहा है । पिछले चार दिनों से मौसम मे आये बदलाव से आंधी तूफान बारिश होने से नगर क्षेत्र के बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाने से नगर की पेयजल आपूर्ति ठप्प पड गई है, पानी के लिए छूरीकला नगरवासी यहां वहां भटकना पड रहा है दूर से सायकल व अनेक साधनों से पानी ढुलाई करना पड रहा है। वहीं वार्ड पार्षद पानी व्यवस्था को लेकर कोई पहल नहीं कि जा रही है अपने व्यवसाय कारोबार मे मस्त है लोगों के समस्या की कोई चिंता सरोकार नहीं है पार्षद के आड पर दुकान चला रहे है। हालांकि नगर पंचायत स्तर पर टेंकर के माध्यम से सभी वार्डों मे पेयजल पानी आपूर्ति किये जा रहे परंतु टेंकर से पानी आपूर्ति लोगों के लिए ऊंट के मुंह मे जीरा साबित हो रही है।

बीकन विद्यालय का परीक्षा फल उत्कृष्ट

कोरबा(विश्व परिवार)। वर्ष 23-24 में आयोजित मा0 शिक्षा मंडल का कक्षा 10 वी और 12 वी का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें बीकन विद्यालय एस. ई. सी एल. का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10 वी मैंवंशिका शर्मा 95.33त्न. लेकर प्रथम स्थान प्राप्त की तथा कक्षा 12 वीं में सुमित शर्मा 89.6त्न लेकर प्रथम स्थान रहा। इसी प्रकार क्रमश 10 वीं में दीक्षा साह द्वितीय तथा रिजवान बक्शी तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा 12 वी वाणिज्य समूह मै प्रणव द्वितीय और तृतीय रुचि श्रीवास रही,विज्ञान समूह में एजाज अहमद प्रथम , आदित्य कुमार रॉय द्वितीय तथा रमा पटेल तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय को गौरवान्वित किया है । मोनो क्रिशियन एजुकेशन सोसायटी के प्रबंधक श्री पी. बी सोना के द्वारा उत्तीर्ण सभी छात्र छात्रों को अपने आशीर्वचन के रूप में तथा उनके माता पिता और विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को बच्चो की सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिएतथा विद्यालय के प्राचार्य श्री मनोज कुमार गाडलिब सर के द्वारा उनके भविष्य उज्ज्वल की कामना किया गया ।

सरस्वती विद्यालय सीएसईबी की हर्षिता 10 वी में प्रथम

कोरबा(विश्व परिवार)। सरस्वती शिशु मंदिर सीएसईबी कोरबा में कक्षा 10 वीं की छात्रा कुमारी हर्षिता कर्ष ने कक्षा 10वीं में 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मेघावी छात्रा कुमारी हर्षिता शुरू से ही पढ़ाई में काफी तेज रही है। उन्होंने सभी कक्षा की परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस संबंध में कुमारी हर्षिता ने बताया कि उनके स्कूल के प्राचार्य राजकुमार देवांगन सहित सभी शिक्षक पढ़ाई को महत्व देते हुए काफी सहयोग करते है। हर समय छात्रों को पढने के लिए शिक्षक प्रेरित करते रहे है।

प्याऊ घर में सेवा कार्य के लिए स्काउट्स गाइड्स रोवर्स रेंजर्स को मिला सम्मान

कोरबा(विश्व परिवार)। प्याऊ घर के माध्यम से जल सेवा कार्य में सहभागिता देने वाले स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, लीडर्स तथा संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के निर्देश पर कोरबा सहित राज्य में 9 अप्रेल से प्याऊ घरों का संचालन शुरू किया गया था। कोरबा जिले में 10 स्थानों पर प्याऊ घर लगाए गए थे। कोरबा शहर के बुधवारी क्षेत्र में श्रीवास सामाजिक कल्याण समिति तथा कलेक्टोरेट मार्ग पर रोटरी क्लब ऑफ कोरबा के सहयोग से पूरे एक माह तक प्याऊ घर का संचालन किया गया। राहगीरों को मटके का ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के साथ कुछ दिनों के अंतराल पर शर्बत वितरण भी किया गया। शुक्रवार, 10 मई को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, साडा में आयोजित कार्यक्रम में प्याऊ घर के माध्यम से प्रतिदिन जल सेवा कार्य में सहभागिता देने वाले स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, लीडर्स तथा संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीवास सामाजिक कल्याण समिति के मार्गदर्शक जगदीश श्रीवास ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सामाजिक सरोकार की सराहना की। जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख, प्राचार्य रणधीर सिंह, सहायक राज्य आयुक्त (गाइड) पुष्पा शांडिल्य ने भी अपनी बात रखी।

नवतपा से पहले अंधड़ और बेमौसम बारिश का अलर्ट, बरतनी होगी सावधानी

कोरबा(विश्व परिवार)। नवतपा से पहले कोरबा जिले के अलावा न केवल आसपास के जिलो बल्कि बड़े हिस्से में अगले कुछ दिनों तक बादल और बारिश के हालात रहेंगे। राज्य में कहीं-कहीं पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ेंगी। मौसम विभाग की ओर से बताया गया कि 12 मई से 14 मई तक सभी संभागों में अंधड़ के साथ बारिश हो सकती है। वहीं, अगले 2 दिन 2 से 3 डिग्री दिन का तापमान बढ़ेगा। शुक्रवार को सबसे अधिकमत तापमान 43.3 डिग्री कोरबा में रिकार्ड किया गया। चार दिन पहले ही कोरबा में जमकर अंधड़ आने से कई प्रकार के नुकसान हुए । पूरे जिले में इसका असर देखा गया। मजबूत पेड़ो के टूटने के कारण बिजलीपूर्ति बाधित रही। तेज हवाओं के साथ आंधी चलने के कारण बारिश कई जगह पेड़ गिरने से रास्ता बाधित हो गया । जिले में आकाशीय बिजली गिरने से भी नुकसान हुआ। तीन मवेशियों की भी मौत हुई है।मौसम विभाग के मुताबिक गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। इस दौरान कहीं-कहीं पर बादलों की गरज के साथ अंधड़ भी चल सकती है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि 13 मई से बारिश, अंधड़ और गरज-चमक पडने की गतिविधियां बढ़ेंगी। इसका असर राज्य के सभी संभागों में नजर आएगा। इस वजह से दिन के तापमान में गिरावट आएगी। 15 मई तक प्रदेश में यही हालात रहेंगे।उत्तर-पश्चिम राजस्थान के ऊपर एक चक्रवात है। यहां से मध्यप्रदेश, झारखंड, प. बंगाल होते हुए दक्षिण असम तक एक द्रोणिका है। मध्यप्रदेश और आसपास 1.5 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवात है। इस सिस्टम की वजह से समुद्र से नमी आ रही है।

कोल साइडिंग के चलने वाले वाहनों ने सड़क का निकाला कचूमर

कोरबा(विश्व परिवार)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से कोरबा की जनता को सुविधा देने के लिए दावे जरूर किये जा रहे है, लेकिन सच्चाई यही है कि इनका दम निकल रहा है। कोरबा में स्टेशन की सेंकेड एंट्री का विकल्प राहत जरूर दे रहा है, लेकिन इस क्षेत्र में निजी कोल साइडिंग के लिए चलने वाले वाहनों ने सडक का कचूमर निकाल दिया है। ऐसा लगता है कि कोरबा में रेल समस्या के साथ जनता की परेशानी का साथ मानो चोली दामन जैसा है, जो केवल लंबे समय से न केवल बना हुआ है बल्कि छूटने का नाम नहीं ले रहा है। एसईसीआर के द्वारा अमृत काल में रेलवे स्टेशन के विकास के लिए कई योजनाएं चलायी जा रही है। कई कारणों से कोरबा को इसमें शामिल किया गया है। इसके अंतर्गत प्लेटफार्म नंबर 2-3 के लिए मुख्य प्रवेश द्वारा के लिए कुछ आगे से अतिरिक्त फूट ओव्हरब्रिज तैयार कराया जा रहा है। इसके अलावा प्लेटफार्म में शेड विस्तार से संबंधित काम भी कराये जा रहे हैं। लगातार हो रही परेशानी को ध्यान में रख कुछ महीने पहले रेलवे ने सेंकेड एंट्री को शुरू करते हुए मौके पर ही टिकट काउंटर शुरू किया है। इसके जरिये लोगों को कुछ राहत मिली है। उपनगरीय क्षेत्र की बड़ी संख्या सीजीएम कार्यालय एसईसीएल व मुड़ापार बायपास होते हुए सेंकेड एंट्री तक पहुंच रही है। लेकिन इसी रास्ते में निजी कोल साइडिंग संचालित किये जाने से स्टेशन जाने वाली सडक एक प्रकार से नरक में बदल में गई है।

गांव के समीप कोयला उत्खनन से बढ़ी समस्या, जानमाल को खतरा व प्रदूषण की समस्या से लोग त्रस्त

कोरबा(विश्व परिवार)। एसईसीएल गेवरा क्षेत्र द्वारा ग्राम अमगांव का सम्पूर्ण भूमि का अर्जन कर कोयला खनन विस्तार के लिए किया जा रहा है। वर्तमान में अर्जित क्षेत्र के दर्राखांचा, जोकाहीडबरी के क्षेत्र पर गेवरा क्षेत्र के बजाय एसईसीएल की दीपका क्षेत्र द्वारा रिहायसी क्षेत्र से मात्र 15 मीटर दूरी पर मिट्टी व कोयला उत्खनन कार्य का विस्तार किया गया है जिसके कारण जानमाल को खतरा व प्रदूषण की समस्या निर्मित हो गई है। यहां निवासरत भूविस्थापितों की मुआवजा, रोजगार, बसाहट की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। वार्ता में दिए गए आश्वसन पर कार्यवाही नहीं की जा रही है। इससे नाराज भूविस्थापित परिवार द्वारा मिट्टी व कोयला उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की जा रही है।ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने कलेक्टर और पर्यावरण सरंक्षण मंडल से गांव की सुरक्षा और समस्याओं का समाधान होने तक इस क्षेत्र में उत्खनन कार्य को बंद रखने की मांग की है। समिति ने कहा है कि ग्राम अमगांव के आश्रित मोहल्ला जोकाहीडबरी के शेष बचे 91 परिवार के मकानों का मुआवजा का निर्धारण 8 वर्ष पूर्व किया गया था जिसका मुआवजा पत्रक बन जाने के बावजूद भुगतान नहीं किया जा रहा है। पूर्व में जिनका मुआवजा भुगतान किया गया है उनका 100 प्रतिशत सोलिशियम प्रदान किया जाना शेष है। दर्राखांचा के मकानों का नापी एक वर्ष पूर्व किया गया है किन्तु नापी के बाद परिसम्पतियों, मकानों का बनाए गए मुआवजा राशि की जानकारी सहित पावती प्रदान नहीं किया गया है। ग्राम अमगांव के लिए नेहरूनगर बतारी में दिए गए पुनर्वास स्थल में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई है। रोजगार, बसाहट, मुआवजा का शेष प्रकरण, वैकल्पिक रोजगार, पेयजल संकट आदि मांगो को लेकर हुई वार्ता में दिए गए आश्वासन के अनुसार कार्यवाही पूर्ण नहीं की गई है।

श्री सीमेंट लिमिटेड को फ्लाई ऐश की आपूर्ति के लिए बालको ने किया एमओयू

कोरबा(विश्व परिवार) । भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने श्री सीमेंट लिमिटेड के साथ समझौता (एमओयू) किया है। यह साझेदारी कम कार्बन वाले सीमेंट का उत्पादन करने के लिए बालको द्वारा श्री सीमेंट तक फ्लाई ऐश भेजने की सुविधा देगी। समझौते में श्री सीमेंट को 90 हजार मीट्रिक टन फ्लाई ऐश की आपूर्ति किया जाना है। इससे सीमेंट उद्योग में फ्लाई ऐश के सस्टेनेबल उपयोग के लिए महत्वपूर्ण सहयोग तथा सर्कुलर इकोनॉमी में बढ़ोत्तरी होगी। फ्लाई ऐश थर्मल पावर उत्पादन का उप-उत्पाद है जिसमें विभिन्न उद्योगों में पुनरू उपयोग की महत्वपूर्ण क्षमता है। सीमेंट निर्माण में फ्लाई ऐश का उपयोग करने से लगभग 500 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन, 3.2 मिलियन गीगा जूल ऊर्जा और प्रति टन 250 लीटर पानी बचाया जा सकता है। इससे सीमेंट उद्योग के भीतर सस्टेनेबल तरीकों को अपनाने में योगदान मिला है। ऐसे उद्योगों में फ्लाई ऐश के प्रबंधन के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा मिला है। फ्लाई ऐश का उपयोग ईंट निर्माण, सड़क निर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। बालको के स्ट्रांसफार्म द प्लेनेटश् की प्रतिबद्धता के अनुरूप कंपनी विभिन्न उद्योगों को फ्लाई ऐश की आपूर्ति कर रही है जिसमें ईंट एवं सीमेंट संयंत्र, सड़क तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और माईंस शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2024 में बालको ने इन क्षेत्रों को 4 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक फ्लाई ऐश की आपूर्ति की है। इस पहल से 141: राखड़ का उपयोग हमारे रिसोर्स एफिशिएंसी और एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी को अधिकतम करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने श्री सीमेंट के साथ हुए एमओयू पर कहा कि कंपनी में हम औद्योगिक अपशिष्टों में कमी लाने और अनेक नए प्रयोगों के जरिए उन्हें नागरिकों और पर्यावरण के लिए लाभकारी बनाने के उद्देश्य से बालको ने अपने प्रचालन में अत्याधुनिक तकनीकों को स्थान दिया है। हम उद्योगों में सस्टेनेबल व्यवसाय की बढ़ती मांग को पहचानते हैं। फ्लाई ऐश कई उद्योगों के लिए एक सस्टेनेबल रॉ मटेरियल के रूप में सामने आया है। रॉ मटेरियल के रूप में हमारे फ्लाई ऐश को पुनर्निर्देशित कर आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। यह समझौता सस्टेनेबिलिटी के प्रति हमारी साझा जिम्मेदारी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री सीमेंट लिमिटेड के मुख्य खरीद अधिकारी श्री संजय मेहता ने एमओयू के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए इसके पारस्परिक लाभ को बताया। उन्होंने कहा कि बालको के साथ साझेदारी सस्टेनेबल कार्यप्रणाली के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। सीमेंट उत्पादन में फ्लाई ऐश का उपयोग सीमित रूप से उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव कम कर कार्बन उत्सर्जन में कटौती करता है तथा सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देता है। यह साझेदारी हमारे लिए वैकल्पिक रॉ मटेरियल की स्थायी आपूर्ति के हकोरबा 12 मई। मारे प्रयासों को बढ़ावा देगी। हमारा लक्ष्य भविष्य में ऐसे सहयोगात्मक प्रयासों का विस्तार करना है।

दैनिक
विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर मंगलवार 14 मई 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

संपादकीय देश के चुनाव में चंद सूबे कर देंगे फैसला

भ्रामक प्रचार से बाज आना चाहिए

देश में हिंदुओं की आबादी में कमी आ रही है। धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण (1950-2015) दस्तावेज में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने खुलासा किया है। इसमें हिन्दू आबादी के 7.82 फीसद कम होने के साथ मुसलमानों की 43.15 फीसद बढ़ने की बात की गई है। सिखों की आबादी 1.24 फीसद से बढकर 1.85 फीसद तथा इसाइयों की 2.24 फीसद से बढ कर 2.36 फीसद हो गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार बौद्ध भी बढ़े हैं, जबकि जैन व पारसियों की संख्या घटी है। यूं तो जनसंख्या के आंकड़े जनगणना के माध्यम से आते हैं। जो 2011 के बाद से नहीं हो सकी है। जनगणना 2021 में प्रस्तावित थी, जो करोना महामारी के कारण स्थगित कर दी गई थी। इस अध्ययन में बहुसंख्यक व अल्पसंख्यक आबादी में आए उतार-चढाव के अंतरराष्ट्रीय रुझान का पता लगाने के लिए 167 देश शामिल थे, जिसके मुताबिक भारतीय उपमहाद्वीप में मुस्लिम आबादी की बढ़ोत्तरी सबसे ज्यादा हुई। जबकि बांग्लादेश में 10 फीसद व पाकिस्तान में 10 फीसद मुसलमानों की आबादी में बढ़त देखी गई। देश में मौजूदा वक्त में लोक सभा चुनाव चल रहे हैं, जिसमें सत्ताधारी दल पहले ही धार्मिक आधार पर बयानबाजियां करने और समाज में दरारें पैदा करने में हिचक नहीं रहा है। ऐसे में इस रिपोर्ट का प्रचार खास समुदाय को निशाना बनाने में सहायक साबित हो सकता है। विपक्ष भी इसे चुनावी चाल कह आरएसएस का एजेंडा चलाने का आरोप लगा रहा है। वास्तव में हम धर्मनिरपेक्ष देश हैं, जिसमें सभी धर्मो का बराबर सम्मान किया जाना और उनके साथ सहिष्णुता बरतना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। मुसलमानों की आबादी बढ़ने के कारणों में यूं तो उनकी चार शादियां, धर्मांतरण व घुसपैठ को दोषी ठहराया जा रहा है, जबकि इसके पीछे अशिक्षा व जागरूकता की कमी अधिक है। विशेष समुदाय पर देश की जनसांख्यिकी बदलने के प्रयासों का आरोप मढ़ना कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। इस हकीकत को झुठलाया नहीं जा सकता कि दुनिया भर में मुसलमानों की आबादी सबसे तेजी से बढ़ रही है। बीते सौ वर्षो में वे 12.5 फीसद से बढकर 22.5 फीसद हो चुके हैं। इसलिए केवल भारत में मुसलमानों की बढ़ती जनसंख्या के लिए भ्रामक प्रचार से बाज आना चाहिए। साथ ही उन्हें जागरूक करने और सेहत संबंधी फायदों के विषय में आगाह करने के प्रयास करने चाहिए।

नारायण रामचंद्रन

भारत 18वीं लोकसभा के चुनाव के बीच पहुंच गया है। आजादी के बाद हुए पहले आठ लोकसभा चुनावों में जीतने वाली पार्टी के पास सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत से ज्यादा सीटें हुआ करती थीं। साल 1967 में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को बहुमत से 22 सीटें ज्यादा मिली थीं, जबकि साल 1984 में कांग्रेस के ही राजीव गांधी की झोली में बहुमत से 143 सीटें ज्यादा आई थीं। वैसे, कुल लोकसभा सीटों की संख्या भी समय के साथ बदलती रही है, साल 1951 में हुए पहले चुनाव के लिए 489 के निचले स्तर से लेकर वर्तमान 543 सीटों तक। साल 2009 में नौवें से लेकर 15वें आम चुनाव तक, जीतने वाली पार्टी बहुमत से दूर रही थी, साल 2004 में मनमोहन सिंह कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के प्रधानमंत्री बने, तब कांग्रेस के पास बहुमत से 127 सीटें कम थीं, जबकि साल 1991 में जब पीवी नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री बने, तब कांग्रेस के पास बहुमत से 24 सीटें कम थीं। किसी एक पार्टी के पास अगर बहुमत न हो, तो जाहिर है, गठबंधन सरकारों की जरूरत पड़ती है। खैर, साल 2014 और 2019 के आम चुनाव में प्रारूप बदल गया, जब भारतीय जनता पार्टी को बहुमत के आंकड़े से क्रमश: 10 और 31 सीटें ज्यादा हासिल हुईं। अब लोकसभा चुनाव 2024 में क्या भाजपा या कांग्रेस संसद में बहुमत से ज्यादा सीटें हासिल करने वाली किसी एक पार्टी की परंपरा को बरकरार रखेगी? बहुमत के लिए जरूरी सीटों से ज्यादा सीटें पाने का कारनामा यही दो पार्टियां कर सकती हैं, क्योंकि केवल यही दो हैं, जो बहुमत के लिए जरूरी 272 सीटों से अधिक पर चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा उम्मीदवारों ने 446 निर्वाचन क्षेत्रों में और कांग्रेस नेताओं ने 327 निर्वाचन क्षेत्रों में पंजीकरण कराया है। सांख्यिकीय रूप से अगर देखें, तो अकेले दम पर कांग्रेस को बहुमत का आंकड़ा पार करने के लिए

82 प्रतिशत सीटें जीतनी होंगी। ऐसे में, फिलहाल कांग्रेस के लिए अकेले दम पर बहुमत से आधी सीटें भी जीतने की संभावना कम लगती है। उम्मीदवारों के मामले में इस समय तीसरी सबसे बड़ी पार्टी सपा है, जो 62 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। बसपा ने अभी तक अपने उम्मीदवारों की पूरी सूची की घोषणा नहीं की है, बहु-चरणीय चुनाव में राजनीतिक दलों को यह सुविधा मिलती है। दुनिया भर में अनेक प्रकार की मतदान प्रणालियां हैं। ब्रिटेन की तरह ही भारत 'फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट सिस्टम' (एफ्मीटीपी) का इस्तेमाल करता है। यह शब्द घुड़दौड़ के संदर्भ में आता है, जहां पोस्ट या विजय रेखा को पार करने वाला पहला घोड़ा एकमात्र विजेता होता है, चाहे वह सिर्फनाक भर आगे रहा हो या मील भर आगे। सबसे अधिक वोट पाने वाला उम्मीदवार ही जीतता है, भले ही उस व्यक्ति का मत प्रतिशत डाले गए कुल मतों के आधे से भी कम हो और ऐसा अक्सर होता है, जब मैदान में दो से ज्यादा उम्मीदवार उतरते हैं। साल 2019 के चुनावों में 224 संसदीय क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवारों को 50 प्रतिशत से ज्यादा मतदाता हिस्सेदारी के साथ जीत हासिल हुई थी। इन 224 सीटों में से ज्यादातर पांच राज्यों, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात में हासिल हुई थीं। इन पांच राज्यों में कुल मिलाकर 200 लोकसभा सीटें पड़ती हैं। गुजरात को छोड़ दीजिए, तो शेष राज्यों में इस बार भाजपा अपेक्षाकृत कम जोर लगा रही है, उसका चुनावी अभियान महाराष्ट्र, कर्नाटक और हरियाणा जैसे अन्य राज्यों में ज्यादा जोर-शोर से चला है। दूसरी ओर, साल 2019 के लोकसभा चुनाव में, गैर-भाजपा दलों ने कुल 117 निर्वाचन क्षेत्रों में आधे से अधिक वोट हासिल किए थे, जिनमें तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की सीटें शामिल थीं। इन चुनावों के नतीजों की भविष्यवाणी करने का एक तरीका यह है कि भाजपा को उसकी 224 सुरक्षित सीटें दे दी जाएं और गैर-भाजपा दल अपनी 117 मजबूत सीटें ले लें। शेष 202 निर्वाचन क्षेत्रों को विश्लेषण में 'स्विंग सीट' के रूप में गिना जाए। वैसे, ऐसे विश्लेषण के दो कारणों से गलत परिणाम हो सकते हैं। एक, जरूरी नहीं कि पिछले चुनाव का इतिहास दोहराया जाए। दूसरा, राज्य स्तर पर सियासी समर्थन या विरोध की स्थिति कुछ राज्यों में बदली हुई दिखती है। मिसाल के लिए, उत्तर प्रदेश में पिछले चुनाव में सपा और बसपा के बीच का गठबंधन टूट गया है और सपा ने इंडिया ब्लॉक में शामिल होकर कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया है। बिहार में नीतीश कुमार के जनता दल (यूनाइटेड) को एनडीए में 16 सीटें आवंटित की गई हैं और यह कहना अभी मुश्किल है कि इस बार नतीजे क्या आने वाले हैं। महाराष्ट्र में देखें, तो अब वहां पर दो शिवसेना और दो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी हैं। इस बात पर गरमागरम बहस चल रही है कि मतदाता महाराष्ट्र में किसे पसंद करेंगे। पार्टियों के मूल संस्करण लोगों को पसंद आएंगे या नए संस्करणों को ज्यादा वोट मिलेंगे? बहरहाल, हर सीट का अपना महत्व है और यह मायने नहीं रखता कि सीट किस राज्य से आ रही है। 17 राज्य ऐसे हैं, जहां 10 से अधिक लोकसभा सीटें हैं, सीटें कुल मिलाकर, 502 हो जाती हैं। तमाम राज्यों के बीच छह को 'स्विंग' राज्य के रूप में गिना जाता है। ये राज्य हैं- महाराष्ट्र, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, पंजाब, छत्तीसगढ़ व हरियाणा। आप 2024 के लिए बिहार को इस सूची में जोड़ सकते हैं। ये असल युद्धभूमि हैं। वैसे, ये अमेरिकी अर्थों में 'स्विंग स्टेट्स' नहीं हैं, क्योंकि ये राज्य एक अकेले विजेता के खाते में नहीं जाते हैं और यहां अनेक सीटों पर जीत-हार का फैसला वोट के कम अंतर से होता है। उम्मीदवारों के साथ-साथ स्थानीय कारक भी हार-जीत में काम करते हैं। इन छह 'स्विंग' राज्यों में कुल 152 सीटें हैं और बिहार को जोड़ दें, तो 192 सीटें हैं। मेरे अनुमान के अनुसार, इनमें से लगभग आधे क्षेत्रों में हार-जीत का अंतर बहुत कम रहेगा और इसी हार-जीत से यह तय होगा कि एक दल के बहुमत वाली सरकारों की हालिया प्रवृत्ति कायम रहती है ।या उलट जाती है। मुमकिन है, अनेक सीटों पर बहुत मामूली अंतर से पलड़ा इधर या उधर झुक जाए।

विशेष लेख

विकास की दर तेज गति से आगे बढ़ रही

प्रह्लाद सबनानी

दिनांक 1 मई, 2024 को अप्रैल, 2024 माह में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के संग्रहण से संबंधित जानकारी जारी की गई है। माह अप्रैल 2024 के दौरान जीएसटी का संग्रहण पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 2.10 लाख करोड़ रु पये के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो निश्चित ही, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहा है। वित्त वर्ष 2022 में जीएसटी का औसत कुल मासिक संग्रहण 1.20 लाख करोड़ रु पये रहा था, जो वित्त वर्ष 2023 में बढ़कर 1.50 लाख करोड़ हो गया एवं वित्त वर्ष 2024 में 1.70 लाख करोड़ रु पये के स्तर को पार कर गया। अब तो अप्रैल, 2024 में 2.10 लाख करोड़ रु पये के स्तर से भी आगे निकल गया है। इससे आभास हो रहा है कि देश के नागरिकों में आर्थिक नियमों के अनुपालन के प्रति रु चि बढ़ी है, अर्थव्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है एवं भारत में आर्थिक विकास की दर तेज गति से आगे बढ़ रही है। भारत में वर्ष 2014 के पूर्व ऐसा समय था जब केंद्रीय नेतृत्व में नीतिगत फैसले लेने में हिचकिचाहट रहती थी और अर्थव्यवस्था विश्व की हिचकोले खाने वाली 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल थी, परंतु केवल 10 वर्ष पश्चात केंद्र में मजबूत नेतृत्व एवं मजबूत लोकतंत्र के चलते वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। आज भारत आर्थिक क्षेत्र में वैश्विक मंच पर नित रिकार्ड बना रहा है। वैश्विक स्तर पर विदेशी प्रेषण के मामले में भारत प्रेषण प्राप्तकर्ता के रूप में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। भारत में सबसे बड़ा सिंक्रोनाईजड बिजली ग्रिड है। बैंकिंग क्षेत्र में वास्तविक समय लेन देन की सबसे बड़ी संख्या आज भारत में ही संपन्न हो रही है। भारत विश्व में दूसरा सबसे बड़ा स्टील उत्पादक देश है एवं विश्व में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता बन गया है। भारत में विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेट्वर्क है। मात्रा की दृष्टि से भारत में विश्व का तीसरा सबसे बड़ा फार्मास्यूटिकल्स उद्योग है। भारत में विश्व में तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेट्वर्क है। भारत ने स्टार्टअप विकसित करने के उद्देश्य से विश्व का तीसरा सबसे बड़ा पारिस्थितिकी तंत्र खड़ा कर लिया है। भारत का स्टॉक बाजार, पूंजीकरण के मामले में विश्व में चौथे स्थान पर आ गया है। भारत में विश्व का चौथा सबसे बड़ा रेल नेट्वर्क है। विश्व में पैटेंट के लिए आवेदन किए जाने वाले देशों में भारत छठे स्थान पर आ गया है। 10 वर्षो के दौरान शेयर बाजार में निवेशकों को अपार सफलता हासिल हुई है और सेंसेक्स ने 200 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि दर्ज की है। निफ्टी ने भी इसी अवधि में 206 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि दर्ज की। यह स्थानीय एवं विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास जता रहा है। भारत में शेयर बाजार में व्यवहार करने के उद्देश्य से खोले जाने वाले डीमेट खातों की संख्या 2014 में 2.2 करोड़ थी जो 2024 में बढ़कर 15.13 करोड़ हो गई है अर्थात 10 वर्षो में 7 गुणा से अधिक। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में भी काफी सुधार हुआ है। भारतीय नागरिकों में आज स्व का भाव जगाने में भी कामयाबी मिली है, जिसके चलते स्वदेश निर्मित वस्तुओं का उपयोग बढ़ रहा है एवं अन्य देशों से विभिन्न उत्पादों के आयात कम हो रहे हैं। इसके चलते भारत के विदेशी व्यापार घाटे में सुधार दृष्टिगोचर है। भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में भी मामूली वृद्धि दर्ज हो रही है। भारत में नागरिक का औसत जीवन 2022 के 62.7 वर्ष से बढ़कर 67.7 वर्ष हो गया है, जो स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के चलते ही संभव हो सका है। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रतिवेदन के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय में पिछले 12 महीनों के दौरान 6.3 प्रतिशत की वृद्ध दर्ज हुई है। एक सर्वे के अनुसार, आज भारत में 36 प्रतिशत कंपनियां आगामी 3 माह में नई भर्तियां करने पर गंभीरता से विचार कर रही हैं, इससे में रोजगार के लाखों अवसर निर्मित होते दिखाई दे रहे हैं। गरीब वर्ग को भी केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाए जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। जल जीवन मिशन ने पूरे भारत में 75 प्रतिशत से अधिक घरों में नल के पानी का कनेक्शन प्रदान करके मील का पत्थर हासिल कर लिया है। लगभग 4 वर्षो के भीतर मिशन ने 2019 में ग्रामीण नल कनेक्शन कवरेज को 3.23 करोड़ घरों से बढ़ाकर 14.50 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंचा दिया गया है। पीएम आवास योजना के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 4 करोड़ से अधिक पक्के मकान बनाए गए हैं।

बंगाल में खोई जमीन तलाशता वाम मोर्चा

जयंत घोषाल

एक समय था, जब भारत की राजनीति में वाम दलों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हुआ करती थी। दिल्ली में आज भी अरुणा आसफअली रोड है। अरुणा आसफअली दिल्ली नगर निगम की पहली 'चेयरपर्सन' चुनी गई थीं। वह अपने दौर की काफी बड़ी वामपंथी नेता थीं। पश्चिम में महाराष्ट्र के श्रीपाद अमृत डांगे से लेकर तेलंगाना, आंध्र जैसे दक्षिणी प्रदेशों में, बल्कि पूरे देश में वाम नेताओं की जनता पर अच्छी पकड़ थी, केरल में तो खैर आज भी है। ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ जब कांग्रेस देश की आजादी की लड़ाई लड़ रही थी, तब उसके भीतर ही वामपंथी और दक्षिणपंथी, दोनों तरह की सोच रखने वाले गुट सक्रिय थे। दक्षिणपंथी गुट के श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कांग्रेस से बाहर निकलकर जनसंघ की शुरुआत की, जबकि ईएमएस नंबूदिरीपाद आदि बहुत सारे नेताओं ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का दामन थाम लिया। मगर आगे चलकर वामपंथ में अंदरूनी विभाजन हुआ और आहिस्ता-आहिस्ता वाम नेताओं की पकड़ कमजोर पड़ती गई। सिर्फ पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और केरल में उनका कुछ आधार कायम रहा। केरल में आज भी उनकी सरकार है, पर पश्चिम बंगाल व त्रिपुरा में वाम मोर्चे की हालत खराब है। स्थिति यह है कि त्रिपुरा में भाजपा लगातार दूसरी बार सत्ता में आ गई है, वहीं पश्चिम बंगाल में लगभग साढ़े तीन दशक तक राज करने वाली माकपा और उसकी सहयोगी वाम पार्टियां बिल्कुल हाशिये पर चली गई हैं। साल 2021 के विधानसभा चुनाव में वाम मोर्चे ने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था, उन्होंने 'इंडियन सेक्युलर फ्रंट' नाम की एक मुस्लिम पार्टी को भी इस गठबंधन का हिस्सा बनाया। नतीजा यह हुआ कि इंडियन सेक्युलर फ्रंट का तो एक उम्मीदवार इस चुनाव में कामयाब रहा, पर वाम दलों और कांग्रेस का एक भी प्रत्याशी चुनाव जीत न सका। ऐसे में, आज का सबसे बड़ा सवाल यही है कि इस आम चुनाव में वाम मोर्चे, खासकर माकपा की क्या रणनीति है? कोलकाता में अलीमुद्दीन स्ट्रीट पर माकपा का मुख्यालय है। यहीं पर पार्टी के वरिष्ठ नेता विमान बोस रहते हैं। मोहम्मद सलीम सीपीएम के राज्य सचिव बनाए गए हैं। पार्टी में यह बेहद अहम पद है। ऐसे में, सवाल उठता है कि आखिर इतने वर्षो के बाद मुस्लिम समाज के एक नेता को माकपा ने क्यों राज्य सचिव बनाया? इसके पहले मुजफ्फर अहमद, जिनको प्यार से कॉमरेड 'काका बाबू' पुकारते थे, को इतना सम्मान मिला था। काका बाबू पार्टी के संस्थापक सदस्य थे। काका बाबू के बाद हमेशा बंगाली हिंदू ही सीपीएम के नेता बनते रहे हैं। यह कोई ढकी-छिपी बात नहीं है कि पश्चिम बंगाल में लगभग 30 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं और भाजपा वहां आक्रामक हिंदुत्व का कार्ड खेल रही है। इस कार्ड ने उसे यहां जबर्दस्त कामयाबी भी दिलाई है। याद कीजिए, एक समय था, जब भाजपा कोलकाता नगर निगम चुनाव में महज दो सीट जीत सकी थी, तब लालकृष्ण आडवाणी ने खुशी जाहिर करते हुए बाकायदा बयान दिया था कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सूबे में हमारा खाता खुल गया है। कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खूब गुलाल उड़ाए थे, मानो कोई बड़ी जीत मिली है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पार्टी की सफलता का आलम यह है कि पिछले आम चुनाव में राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से 18 पर जीत हासिल करके भाजपा ने न केवल सबको चौंका दिया, बल्कि अब वह विधानसभा में मुख्य प्रतिपक्ष है। साफ है, बंगाल में सीपीएम की जगह भाजपा ने हथिया ली है। मोदी का राष्ट्रीय नेतृत्व का अपना आभामंडल तो है ही, राज्य में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और राज्य भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, दोनों काफी मेहनत भी कर रहे हैं। माकपा को यह लगने लगा है कि इंडियन सेक्युलर फ्रंट और कांग्रेस के साथ गठजोड़ करने से भाजपा को ही फायदा होता है, क्योंकि उसका हिंदू वोट भाजपा को और मुस्लिम आधार इंडियन सेक्युलर फ्रंट को ट्रांसफर होने लगा है, लिहाजा इस आम चुनाव में उसने कोई गठबंधन नहीं किया। अलबत्ता, उत्तरी बंगाल में उसने कांग्रेस के साथ सीटों का तालमेल जरूर किया है। पश्चिम बंगाल में वाम मोर्चे की दुविधा यह है कि वह अपना सबसे बड़ा शत्रु किसको माने? स्वाभाविक राजनीतिक दुश्मन तो तृणमूल कांग्रेस ही है, क्योंकि ममता ने ही उसको सत्ता से बेदखल किया। माकपा इस बात को भूल नहीं सकती। फिर संदेशखाली की घटना से लेकर ममता सरकार में सामने आए भ्रष्टाचार के मुद्दों, मंत्रियों की गिरफ्तारी को भाजपा जितने जोर-शोर से उठा रही है, उन पर भी माकपा खामोशी नहीं बरत सकती, क्योंकि इससे उसकी विपक्ष की भूमिका प्रभावित होती है और यदि वह आक्रामक विरोध करती है, तो भाजपा विरोधी नैरेटिव को नुकसान पहुंचता है। 2019 और 2021 में माकपा की आंतरिक रणनीति थी कि 'पहले राम बाद में वाम।' यानी राज्य में अभी भाजपा को मजबूत होने दो, बाद में हम उसे हटाएंगे, फिलहाल ममता से निपटना जरूरी है। मगर इस रणनीति को लेकर इस बार माकपा में मतभेद उभर आया। इस रणनीति के विरोधियों का कहना है कि यदि एक बार भाजपा कोलकाता की सत्ता पर काबिज हो गई, तो अगले तीस वर्षों तक माकपा के लिए सत्ता में लौटना सपना हो जाएगा। इसलिए माकपा दिग्भ्रमित है कि उसका मुख्य दुश्मन कौन है? उसकी एक बड़ी परेशानी यह भी है कि कार्यकर्ता-स्तर पर ममता विरोधी अधिक हैं, जबकि ऊपरी स्तर पर भाजपा के मुखालिफ नेता अधिक हैं। वे सांप्रदायिक मुद्दों को कहीं अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। लिहाजा इस बार यह देखने वाली बात होगी कि माकपा किसके वोट काटती है? पिछले चुनाव में उसका वोट प्रतिशत घटा था और भाजपा को इसका फायदा मिला था। अगर इस बार सीपीएम कुछ वापसी करती है और हिंदू वोटों को अपनी तरफखींचती है, तो इससे भाजपा का प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है।

कर्नाटक की राह में प्रज्वल रेवन्ना मोड़

एस श्रीनिवासन

सबकी जुबान पर सवाल है कि क्या पेन-ड्राइव सेक्स स्कैंडल और लिंगायत समाज (उत्तरी कर्नाटक में भगवा दल का पारंपरिक वोट बैंक) में उत्साह की कमी से भाजपा की संभावनाओं पर असर पड़ सकता है? दरअसल, जनता दल (सेक्युलर) के संरक्षक एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना का सेक्स स्कैंडल एक अप्रत्याशित झटके की तरह पार्टी के सामने आया है। एनडीए के बड़े नेता रेवन्ना के विदेश भागने के लिए सूबे की सिद्धारमैया सरकार पर उंगली उठाकर विवाद से बचने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यह मसला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। जैसे-जैसे विशेष जांच दल (एसआईटी) की कार्रवाई आगे बढ़ रही है, गौड़ा परिवार के अंदर की सड़ांध बाहर आ रही है। जनता दल (सेक्युलर) के लिए शर्मिंदगी की बात यह भी है कि पुलिस ने प्रज्वल के पिता और परिवार के बड़े बेटे एचडी रेवन्ना को, जो खुद भी विधायक हैं, एक पीड़िता के अपहरण के आरोप में गिरफ्तार किया है। वह रेवन्ना परिवार की घरेलू सहायिका थी और कहा जाता है कि परिवार का राज न खुले, इसलिए उसे एक फॉर्म हाउस में बंधक बनाकर रखा गया था। साफ है, अपने दादा की पारंपरिक लोकसभा सीट 'हासन' से एक और कार्यकाल की उम्मीदें पालने वाले प्रज्वल रेवन्ना ने अपने कारनामे से पूरे परिवार को बेतहाशा दुख और शर्मिंदगी में डुबो दिया है। उल्लेखनीय है, पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा ने अपनी बढ़ती उम्र (वह 90 साल से अधिक आयु के हैं) की परवाह किए बिना जोरदार प्रचार किया था और मतदाताओं से अपने पोते को एक और मौका देने की भावनात्मक अपील की थी। दूसरे चरण के चुनाव-प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रज्वल और एचडी देवेगौड़ा के साथ मंच साझा किया था। हालांकि, जब यह स्कैंडल सामने आया, तब तक कर्नाटक में पहले चरण की 14 सीटों के लिए

चुनाव हो चुके थे, लेकिन इसका असर शेष 14 निर्वाचन क्षेत्रों पर पड़ने की आशंका है, जो कर्नाटक के उत्तरी हिस्से की सीटें हैं। पहले चरण का मतदान राज्य के दक्षिणी हिस्से में हुआ था, जहां वोक्कालिगा समुदाय प्रभावी है और देवेगौड़ा का पारंपरिक वोटर है। कर्नाटक में भाजपा ने यह सोचकर जनता दल (सेक्युलर) के साथ गठबंधन किया था कि इससे उसे लाभ मिलेगा। मगर रिपोर्टों के मुताबिक, वोक्कालिगा समुदाय के ही डीके शिवकुमार (उप-मुख्यमंत्री) की मदद से कांग्रेस यहां भाजपा को टक्कर दे रही है। इसीलिए माना जा रहा है कि इस बार 2019 की तरह भाजपा को आसानी से शायद ही सफलता मिल सकेगी। विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित जीत हासिल करने वाली कांग्रेस ने भाजपा पर दबाव बनाए रखा है। उसने अपने जमीनी कार्यकर्ताओं में एक नई जान फूंक दी है और अपने सभी विधायकों-मंत्रियों अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में वोट हासिल करने का लक्ष्य दे दिया है। एनडीए नेताओं ने यह कहकर मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया है कि समय पर कार्रवाई करने में सिद्धारमैया सरकार विफल रही और प्रज्वल को विदेश भागने का मौका मिल गया। मगर इसका उल्टा असर तब हुआ, जब प्रज्वल के एक पूर्व ड्राइवर का विस्फोटक वीडियो वायरल हो गया। उस ड्राइवर ने कहा कि 15 साल तक परिवार की सेवा करने के बाद उसने एक वर्ष पहले नौकरी छोड़ दी। उसका दावा है कि उसने पेन ड्राइव की एक कॉपी स्थानीय भाजपा नेता देवराज गौड़ा को दी थी, किसी कांग्रेस नेता को नहीं। देवराज ने दिसंबर में इस मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की थी और रेवन्ना की उम्मीदवारी का भी वह कड़ा विरोध करते रहे। देवराज के मुताबिक, उन्होंने इस वीडियो की जानकारी भाजपा के राज्यस्तरीय नेताओं के साथ-साथ कई केंद्रीय मंत्रियों को भी दी थी। जाहिर है, इससे कांग्रेस को प्रधानमंत्री व गृह मंत्री को घेरने का पूरा मौका मिल गया है कि उन्होंने समय पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? इस मामले के जल्द समापन की संभावना नहीं दिखती, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि कई अन्य नेता भी इसमें शामिल हैं। जनता दल (सेक्युलर) मानो धराशायी होने जा रहा है, क्योंकि हालिया विधानसभा चुनाव में हार के बाद अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के आखिरी प्रयास के तहत इसने भाजपा से चुनावी गठबंधन किया था। देवेगौड़ा के छोटे बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने, जो पार्टी का नेतृत्व भी कर रहे हैं, प्रज्वल को पार्टी से निलंबित कर दिया है। अब देखना यह है कि उनके पिता व कुमारस्वामी के बड़े भाई एचडी रेवन्ना पर कोई गाज गिरती है या नहीं? ऐसा इसलिए भी, क्योंकि देवेगौड़ा की सियासी विरासत को लेकर परिवार में मतभेद रहे हैं। इस बीच, लिंगायतों के प्रभुत्व वाले उत्तर कर्नाटक में भाजपा को अपनी सीटें बरकरार रखने की उम्मीद है, क्योंकि 2019 के चुनाव में उसे अभूतपूर्व समर्थन मिला था। मगर ऐसा लगता है कि लिंगायत नेता संघ की बातों को मानने को तैयार नहीं दिखते। इनमें बीएस येदियुरप्पा भी शामिल हैं। वे एक स्वतंत्र समुदाय होने पर गर्व महसूस करते हैं। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भी इस समुदाय के साथ अपने संबंध बढ़ाए हैं। लिंगायतों के एक बड़े उप-संप्रदाय पंचमसाली का भी एक हिस्सा एनडीए से नाराज बताया जा रहा है। दरअसल, इस समुदाय के भीतर आरक्षण की मांग को हवा देकर इन्हें बांटने का कोशिश हुई थी। इन सबने कर्नाटक में भाजपा की आसान राह मुश्किल बना दी है। इसी कारण यह माना जा रहा है कि पार्टी के लिए 2019 के प्रदर्शन को दोहरा पाना बहुत महत्वपूर्ण होगा। जनता दल (सेक्युलर) में आसन्न टूट से भारतीय जनता पार्टी को मदद मिल सकती है, क्योंकि ऐसी सूरत में कर्नाटक दो दलों वाले राज्य में बदल सकता है, जिसके एक छोर पर भगवा पार्टी, तो दूसरे पर कांग्रेस हो सकती है। मगर भाजपा की तात्कालिक चिंता मौजूदा आम चुनाव जीतने की है, क्योंकि कर्नाटक के नतीजे दक्षिण भारत के बाकी राज्यों में मिलने वाले सियासी फायदे पर भी असर डालेंगे।

संक्षिप्त समाचार

सेनजी महाराज की जयंती आज मनाई जाएगी

नवापारा-राजिम (विश्व परिवार)। नगर सेन समाज एवं नगर सेलून संघ के तत्वावधान में 19 वां स्थापना दिवस एवं संत शिरोमणी सेनजी महाराज जी की जयंती 14 मई मंगलवार को मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लीलाराम सेन अध्यक्ष सर्व सेन समाज होंगे। अध्यक्षता संतूराम सेन, शंकर सेन व गोविंद सेन करेंगे। मुख्य अतिथि ग्रुप में मनोज सेन, नरेश सेन, भावेश दिवाकर सरपंच ग्राम पंचायत छाटा, शंकर श्रीवास, अशोक श्रीवास सहित अन्य सामाजिक ज्न मौजूद रहेंगे।इस दिन सुबह 10 बजे दिव्य सेन भवन सोमवारी बाजार से बाईक रैली निकाली जाएगी। जो नगर भ्रमण के बाद सेन भवन में 11 बजे मंचीय कार्यक्रम होगा। उक्ताशय की जानकारी मीडिया प्रभारी रमन श्रीवास ने दी।

संत शिरोमणी श्री सेन जी महाराज

मुनि श्री हितेंद्र सागर जी महाराज ने कहा- संस्कार से जीवन का निर्माण होता है

बांसवाड़ा (विश्व परिवार)। पंचम पट्टाधीश वात्सल्य वारिधी आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज अपने संघ सहित मोहन कॉलोनी श्री आदिनाथ जिनालय में विराजित है आचार्य संघ के सानिध्य में काफी धर्म प्रभावना हो रही है। आज की धर्म सभा में मुनि श्री हितेंद्र सागर जी ने उपदेश में बताया कि सुबह उठने पर आंख खुलने के साथ विवेक भी जागृत होना चाहिए। नन्हे बालक का जन्म होने पर 8 वर्ष तक उसमें विवेक नहीं होता है 8 वर्ष की उम्र तक माता-पिता को विवेक पूर्वक जागृत रहकर संस्कार देना चाहिए क्योंकि संस्कार देना माता-पिता का कर्तव्य है, तभी बालक के जीवन का निर्माण होगा जिस प्रकार मुनि धर्म को तलवार की धार पर चलना बताया गया है, उसी प्रकार शिशु बालक को भी विवेक पूर्वक सावधानी से संस्कार देना जरूरी है मुनि श्री ने एक उदाहरण बताया कि आचार्य शांति सागर जी महाराज ने एक गर्भवती महिला को रात्रि भोजन त्याग का नियम दिया, यद्यपि उस महिला का रात्रि भोजन का त्याग था किंतु उस महिला ने इस नियम को अपने गर्भस्थ शिशु के लिए माना और उन्होंने उसे बालक को न केवल 8 वर्ष की उम्र तक बल्कि हमेशा रात्रि भोजन नहीं दिया आज उस बालक की उम्र 80 वर्ष की हो गई है जो कि शाकाहार और पक्षी रक्षा के लिए कार्य करते हैं। मोहन कालोनी के सुमती लाल वोरा अध्यक्ष एवम् महावीर जी मंत्री अनुसार मुनि श्री ने बताया कि यह वर्तमान में पुणे के डॉक्टर कल्याण गंगवाल है जिन्होंने जन्म लेने के बाद से लेकर वर्तमान तक माता से संस्कारित होकर कभी रात्रि भोजन नहीं किया इसलिए गर्भस्थ शिशु को माता ने अच्छे धार्मिक स्त्रोत सुनना चाहिए ताकि घर पर शिशु को संस्कार अच्छे मिले। **-राजेश पंचोलिया**

दैनिक विश्व परिवार झांसी के सम्पादक श्री प्रवीण जैन के आक्समिक निधन पर श्रदांजलि सभा का आयोजन

विदिशा (विश्व परिवार)। सकल दिगम्बर जैन समाज विदिशा द्वारा दैनिक विश्व परिवार झांसी के प्रधान सम्पादक श्री प्रवीण जैन के आक्समिक निधन पर श्रदांजलि सभा आचार्य श्री विनम्रसागर महाराज स संघ सानिध्य में आयोजित की गयी सभा का संचालन करते हुये महेंद्र पंडित जी ने कहा कि दैनिक विश्व परिवार ने हमेशा सभी मुनिसंघ की सेवा की है। जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने दैनिक विश्वपरिवार के प्रधान सपादक स्व. प्रवीण जैन को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये कहा स्वर्गीय प्रवीण जी का पूरा परिवार एक गुरु भक्त परिवार है एवं हमेशा से गुरु वाणी के रुप मे दैनिक विश्वपरिवार ने प्रवचनों को महत्व दिया है। स्व प्रवीण जी दैनिक विश्वपरिवार रायपुर के प्रधान संपादक प्रदीप जैन के छोटे भाई थे।दिनांक 17 अप्रेल को उनके साथ एक सड़क दुर्घटना हो गयी थी वह ठीक भी हो गये थे लेकिन घर पर आने के उपरांत उनको अचानक तकलीफ हुई और देह परिवर्तन हो गया। इस अवसर पर आचार्य श्री विनम्रसागर जी महाराज के संघ सानिध्य में श्रदांजलि सभा आयोजित कर नौ बार णमोकार का पाठ कर मौन रखा गया।

दिगंबर जैन मंदिर में अभिनंदन नाथ भगवान का गर्भ एवं मोक्ष कल्याण हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया

नयापारा राजिम (विश्व परिवार)। दिगंबर जैन मंदिर में आज अभिनंदन नाथ भगवान का गर्भ एवं मोक्ष कल्याण उत्साह हरसोल्लास पूर्वक मनाया गया। आज सर्वप्रथम श्री जी का अभिषेक शांति धारा एवं पूजन विधान संपन्न हुआ तब मोक्ष कल्यांक का निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। आज शांति धारा करने का सौभाग्य मनोज कुमार अनिल कुमार जय कुमार जैन परिवार को द्वितीय शांति धारा निर्मल अजय कुमार चौधरी परिवार को एवं तृतीय शांति धारा प्रमोद कुमार आशीष कुमार आलोक कुमार जैन परिवार को प्राप्त हुआ।

अभिनंदन नाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर निर्माण लाडू चढ़ाया गया प्रथम निर्माण लाडू मनोज अनिल जयकुमार जैन द्वारा द्वितीय निर्वाण लाडू किशोर अनीता सिंघई परिवार के तृतीय निर्वाण लाडू रूपचंद आकाश कुमार विकास कुमार के द्वारा एवं प्रमोद आलोक आशीष जैन परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ।

सर्वप्रथम निर्वाण कांड पढ़कर निर्वाण लाडू चढ़ाया गए तत्पश्चात अभिनंदन नाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक की पूजन हुई अभिनंदन नाथ भगवान का गर्भ मोक्ष कल्याण अति उत्साह पूर्वक सभी सदस्यों ने मनाया। निर्माण लड्डू बनाकर लाने का सौभाग्य की सुनंदा नंदिता ज्योति जैन परिवार को रहा समस्त कार्यक्रम विधि विधान पूर्वक अध्यक्ष किशोर सिंघई के द्वारा संपन्न कराए गए। **-किशोर जैन**

श्री महावीर दिगंबर जैन पाठशाला नवापारा को 150 पाठशालाओं में मिला प्रथम स्थान

नवापारा (विश्व परिवार)। श्री महावीर दिगंबर जैन पाठशाला नवापारा राजिम में पिछले 50 वर्षों से संचालित है। इस वर्ष प्रमाणिक पाठशाला श्री महावीर पाठशाला राजिम के तत्वाधान में संचालित है। पूरे भारत वर्ष में लगभग 150 पाठशालाओं में नवापारा राजिम के इस पाठशाला को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसमें पाठशाला की शिक्षिकाओं श्रीमती नंदिता जैन, अंजलि पहाड़िया, मोनिका गंगवाल, ज्योति जैन, निवेदिता पहाड़िया, सुरेखा गदिया, सुनंदा जैन ने हर्ष व्यक्त करते हुवे सभी अभिभावकों, पंचायत कमेटी का एवं वीराथन में भाग लेने वाले सभी बच्चों का धन्यवाद ज्ञापित किया। सामाजिकजनों ने दी शुभकामनाएं 7

विशेष रूप से सहयोग श्री दिगंबर जैन पंचायत के उपाध्यक्ष एवं पाठशाला संयोजक सुरीत जैन एवं सचिव अखिलेश जैन एवं सकल जैन समाज के शिखर बाफना, अभिषेक दूगड़, त्रिशला महिला मंडल, मनोहर बहू मंडल, विद्या श्री बालिका मंडल, ज्ञान ज्योति बहू मंडल व वीरा ग्रुप को भी सहयोग देने के लिए धन्यवाद व्यापित किया। संरक्षक रमेश पहाड़िया व अध्यक्ष किशोर सिंघई ने इस सफलता पर सभी को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं दी।

सात्विक ऊर्जा का उपयोग कर लिया तो आपका जीवन अनुपम बन सकता है : मुनि श्री विनम्रसागर जी महाराज

विदिशा (विश्व परिवार)। मानव के शरीर में समय समय पर सात्विक ऊर्जा की उत्पत्ति होती रहती है, जो लोग उस सात्विक ऊर्जा का सही समय पर उपयोग कर लेते है वह अपने जीवन को धन्य कर लेते हैं। उपरोक्त उद्गार समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री विनम्रसागर महाराज ने अरिहंत विहार में आयोजित प्रात:कालीन धर्मसभा में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि नारी शसक्तीकरण का यह सबसे बड़ा उदाहरण है कि आज बड़ी संख्या में महिलामंडल उपस्थित है उन्होंनेकार्यक्रम पुण्यार्जक आशी वैद्य को आशीर्वाद देते हुये कहा कि इस परिवार की महिला के श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के भाव बने और उस निमित्त से आप सभी को भगवान की भक्ती करने तथा गुरु उपदेश सुनने का यह सौभाग्य मिल रहा है उन्होंने कहा दिनभर टी.व्ही सीरियल अनुपमा देखने से आप अनुपमा तो नहीं बन सकती लेकिन यदि आपने अपनी सात्विक ऊर्जा का उपयोग प्रभु की भक्ति और गुरु की वाणी सुनने में लगाया तो आप अपने जीवन को तथा अपने परिवार को अनुपम अबश्य बना सकती है।उन्होंने कहा कि क्रिया तो सभी करते है लेकिन वही क्रिया यदि ज्ञान से की जाऐ तो वह सार्थक हो जाती है ज्ञान और क्रिया की मैत्री होंना आवश्यक है। उन्होंने कहा शरीर में 24 घंटे ऊर्जा की उत्पत्ति होती रहती है कभी यह ऊर्जा दूषित होती है, तो कभी यह ऊर्जा सात्विक होती है, सात्विक ऊर्जा का परिणमन समय बताते हुये मुनि श्री ने कहा सुवह सुवह जब आप सोकर उठकर दैनिक क्रिआओं से निवृत साफ सुथरे बस्त्रों में तैयार रहते है उस समय सात्विक ऊर्जा का भंडार रहता है, तथा सांयकाल दिन भर के प्रपंचों से मुक्त होकर जब आप घर लौटते है और पुन्हा साफ सुथरे बस्त्रों के साथ अन्थऊ (सांयकालीन भोजन) आदि क्रिआओं से मुक्त होते है पुन: सात्विक ऊर्जा का प्रभाव आपके जीवन में लौटता है, यदि आपने इस सात्विक ऊर्जा का उपयोग अपने जीवन में कर लिया तो आपका जीवन अनुपम बन सकता है। आठ दिनों तक चलने बाले इस पवित्रतम कार्यक्रम में विदिशा नगर की सभी माता बहनें तथा पुरुष वर्ग अपनी अपनी सात्विक ऊर्जा का पूरा प्रयोग कर अपने जीवन को धन्य बनायें। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया सोमवार को प्रात:काल मुनिसंघ के सानिध्य में घटयात्रा श्री आदिनाथ जिनालय से प्रारंभ हुई तथा श्री पारसनाथ जिनालय अरिहंत विहार मंदिर पहुंची यंहा पर मंगलवार से अष्ठाह्निका महापर्व पर चलने बाले श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन 14 मई मंगलवार से प्रारंभ हो जाऐगा जो कि 20 मई सोमवार तक लगातार प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्र अविनाश भैया भोपाल सह प्रतिष्ठाचार्य अनुप भैया विदिशा एवं महेंद्र पंडित जी के निर्देशन में चलेगा। प्रात:काल 5:45 बजे से मंगलाष्टक के साथ निमित्त नैमेत्तिक पूजन के साथ प्रारंभ होगा 8:30 बजे मुनिसंघ की देशना 9:45 से आहार चर्या एवं सांयकाल 7:30 बजे से मंगलआरती शास्त्र सभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होंगे पुण्यार्जक परिवारश्रीमती मधुबाला, ष्ठह्र आनंद जैन-श्रीमती सुमन जैन, अभय कुमार वैद्य - ष्ठह्र अशी वैद्य, लक्ष्य, अक्षत, अर्हत, अवनि एवं समस्त वैद्य परिवार श्री सकल दि. जैन समाज, श्री शीतल विहार न्यास, अरिहंत विहार जैन मंदिर ट्रस्ट ने साधर्मी वंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लेंने की अपील की है। मुनि श्री विनम्रसागर जी महाराज को पड़गाहन कर सपरिवार आहार कराने का सौभाग्य अरिहंत विहार निवासी चित्रांग जैन को मिला। **-अविनाश जैन**

अतिशय क्षेत्र आदिश्वर धाम जतारा की पावन धरा पर विद्या गुरु के शिष्यों का भव्यातिभव्य मंगल प्रवेश सम्पन्न हुआ

जतारा (विश्व परिवार)। युग शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, नवाचार्य 108 श्री समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से, परम पूज्य नगर गौरव श्रमणाचार्य 108 श्री विमर्श सागर जी महाराज की जन्म नगरी, श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र आदिश्वर धाम जतारा में, परम पूज्य मुनि श्री 108 सौम्य सागर जी, मुनि श्री 108 निश्छल सागर जी, मुनि श्री 108 निरापद सागर जी महाराज का भव्य नगर प्रवेश प्रात:7:10 बजे संपन्न हुआ। भारतीय जैन संगठन तहसील अध्यक्ष एवं जतारा जैन समाज उपाध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने बताया कि परम पूज्य त्रय मुनिराज, पूज्य नवाचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से धर्म नगरी जतारा में, न्यू कोर्ट कॉलोनी स्थित नवीन जिनालय के श्री मज्जिनेंद्र पंचकल्याणक संपन करने हेतु, कुंडलपुर से पद विहार करते हुए आदिश्वर धाम जतारा पहुंचे द्य संपूर्ण जतारा जैन समाज ने पूर्ण हर्षोल्लास के साथ प्रात: 6:00 बजे बैरबार तिगैला पहुंचकर पूज्य मुनि संघ की भव्य अगवानी की। नगर प्रवेश करते ही पूज्य मुनि संघ के जगह-जगह पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य समाज को प्राप्त हुआ। पूज्य मुनि संघ का, न्यू कोर्ट कॉलोनी स्थित नवीन जिनालय के अवलोकन उपरांत ठीक 7:10 पर आदिश्वर धाम जतारा में भव्य मंगल प्रवेश संपन्न हुआ। मंदिर जी में पूज्य मुनि संघ की अमृतमयी वाणी को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए।

परम पूज्य मुनि श्री सौम्य सागर जी महाराज ने बताया कि नगर जतारा का यह पंचकल्याणक पूज्य आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज द्वारा आशीर्वाद प्राप्त अंतिम पंचकल्याणक एवं नवाचार्य श्री समय सागर जी महाराज द्वारा आशीर्वाद प्राप्त प्रथम पंचकल्याणक है। विदित हो न्यू कोर्ट कॉलोनी का नवीन जिनालय नगर के धर्म श्रेष्ठी इंजीनियर संतोष जैन पारी द्वारा पाषाण से निर्मित करवाया गया है जो कि आज परम पूज्य मुनि संघ के समक्ष संतोष मोदी पारी द्वारा संपूर्ण समाज को सुपुर्द किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सप्तम प्रतिमा धारी बाल ब्रह्मचारी श्रद्धेय अशोक भैया जी लिधौरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज अध्यक्ष महेंद्र जैन टानगा, प्रकाश रोशन, पवन मोदी, वीरेंद्र ठेकेदार, राजीव मोदी, शैंकी बुखारिया, विद्यासागर सेवादल, विमर्श जागृति मंच सहित विशाल जन समुदाय उपस्थित रहा।

जैन मुनि ब्रह्मानंद सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन जूना मंदिर में सम्पन्न

पिड़ावा (विश्व परिवार)। सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान एवं पुण्यार्जक परिवार पूर्व चेयरमैन राजेंद्र जैन, प्रमोद जैन, बण्टी भैया की और से नौ दिवसीय ब्रह्मानंद सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन जूना मंदिर नवीन जिनालय में सोमवार को आनंद और उत्साह, लगन, रूचि के साथ संपन्न हुआ।

जैन समाज प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने बताया कि 5 मई से 13मई तक बाल ब्रह्मचारी संजय भैया पठारी के कुशल नेतृत्व में 1 वर्ष बाद शिविर का आयोजन किया गया इस शिक्षण एवं संस्कार शिविर में आत्म कल्याणर्थ, ज्ञानार्जक एवं पुण्यवर्धक शिविर में 350 बच्चे व 400 श्राविकाओं व 100 श्रावक ने शिक्षण प्राप्त किया व सोमवार को परीक्षा हुई। जिसमें आत्म कल्याण में सहयोगी जिनेंद्र भगवान की वाणी का रसास्वादन कराने हेतु ब्रम्हानंद सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर के अंतर्गत गागर में सागर के समान अथाह ज्ञान को समाये सरल प्राकृत प्रवेश, दोपहर में इष्टोपदेश, व रात्रि में परमात्मा गितिका का अध्ययन बहुत ही सरल रूप से बाल ब्रह्मचारी संजय भैया पठारी द्वारा कराया गया।

शिविर में छोटे भैया बहनों को जिनागम प्रवेश का ज्ञान राजकुमार जैन, कुलदीप जैन, पीयुष जैन, सचिन जैन, चेतन जैन, रानी जैन, राजूल जैन, निहारिका जैन, अनुभूति जैन, प्रीति जैन, प्रांजल जैन, माधुरी जैन, सोनु जैन, द्वारा 9 दिन तक सुबह शाम अध्ययन करवाया गया और अंत में उनकी परीक्षा ली गई दोपहर में संगीत मय पार्श्वनाथ मंडल विधान का आयोजन किया गया व दिनेश सेक्रेटरी परिवार की और से मूल नायक पार्श्वनाथ भगवान के पीछे भामण्ड़ल चढ़ाया गया। रात्रि में शिविर के समापन के अवसर पर सकल जैन समाज ने संजय भैया पठारी से निवेदन किया जिस प्रकार आपने कठिन परिश्रम से यह ऐतिहासिक आध्यात्मिक व धार्मिक शिक्षण शिविर लगाकर पिड़ावा के भव्य जीवों का उद्धार किया है इस प्रकार प्रतिवर्ष शिक्षण शिविर लगाकर हम भव्य जीवो का मोक्ष मार्ग प्रशस्त करें अन्त में जुना मन्दिर अध्यक्ष प्रमोद जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया गया। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

गर्मी की छुट्टियों में निशुल्क समर कैम्प का आयोजन

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों में सीखने का अवसर देने का अभिनव प्रयास

रायपुर (विश्व परिवार)। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नवाचार करते हुए गर्मी की छुट्टियों में विद्यार्थियों के लिए समर कैंप जन सहयोग से आयोजित किया जाएगा यह कैंप सुबह 7.00 से 9.30 बजे आयोजित किया जाएगा यह पूर्णत स्वैच्छिक रहेगा।

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव श्री सिध्दार्थ कोमल सिंह परदेशी ने आज सभी जिलों के कलेक्टर को जारी किए गए निर्देश में कहा गया है कि 15 जून तक विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावी है। इस दौरान छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर उनमें बहुमुखी कौशल का विकास किया जा सकता है। रचनात्मक गतिविधियों में छात्र-छात्राओं के पालक एवं उनके शिक्षकों का मार्गदर्शन सहयोगी हो सकता है। अत: छात्र-छात्राओं के लिए स्कूलों में अथवा गांव शहर के सामुदायिक भवनों में समर कैंप का आयोजन किया जाए। इस कैंप में रचनात्मक क्षेत्र के विशेषज्ञ को आमंत्रित कर उनसे मार्गदर्शन प्रशिक्षण दिलाया जा सकता है। इसमें पालक व शाला विकास समितियां का भी सहयोग लिया जा सकता है। श्री परदेशी ने निर्देश दिया कि समर कैंप में चित्रकला, गायन, वादन, निबंध, कहानी-लेखन, हस्तलिपि-लेखन, नृत्य, खेल-कूद, अपने गांव शहर का ऐतिहासिक परिचय आदि गतिविधियां आयोजित की जा सकती है। इन गतिविधि के अलावा अन्य रचनात्मक गतिविधि का भी चयन किया जा सकता है।

स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि इस हेतु कोई भी बजट देय नहीं होगा। जिले अपने उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर इस कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। श्री परदेशी ने कहा कि ग्रीष्म कालीन अवकाश को बच्चों के सीखने के लिए अवसर के रूप में प्रयुक्त किया जाए।

प्रदेश के कई इलाकों में आज भी बदली-बारिश के आसार

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसम में अपनी करवट बदली है। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के जिलों का कल यानि रविवार को झमाझम बारिश हुई है। इसके साथ ही आने वाले अगले 5 दिनों तक प्रदेश के कई इलाकों में गरज-चमक और भारी बारिश होने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। साथ ही मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में 15 मई तक ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं इस बीच विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक आज दोपहर के बाद यहाँ के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट होने के आसार जताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक प्रदेश के राजधानी रायपुर सहित दंतेवाड़ा, बालोद, बेमेतरा, बस्तर, बीजापुर, धमतरी, दंतेवाड़ा, दुर्ग, जशपुर, गरियाबंद साथ ही कांकेर, कबीरधाम, छुईखदान-गंडई, खैरगढ़- कोंडागांव, मुंगेली, महासमुंद और नारायणपुर जिलों में विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया हैं।जबकि राजनांदगांव, रायगढ़, सुकमाऔर बस्तर सहित कई जिलों में आगामी दो दिनों तक गरज-चमक के साथ बिजली चमकने और भारी बारिश होने की भी संभावनाएं जताई जा रही हैं।कल की बात करें तो सर्वाधिक बारिश बस्तर, लोरमी, सिमगा, सूरजपुर व तोकापाल में दर्ज की गई। बस्तर संभाग के कई क्षेत्रों में तेज अंधड़ की वजह से कई घरों की लोहे की शीट तक उड़ गई।

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रारंभ

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा द्वारा अपने न्यायालय में लिस्टेड प्रकरणों में सुनवाई करने के पश्चात् ज्यूडिशियल शाखाओं में चल रहे प्रकरणों के सत्यापन कार्य का किया निरीक्षण

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में आज 13 मई 2024 (सोमवार) को ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रारंभ हो गया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के प्रथम दिन मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा द्वारा अपने न्यायालय में लिस्टेड प्रकरणों में सुनवाई करने के पश्चात् ज्यूडिशियल शाखाओं में चल रहे प्रकरणों के सत्यापन कार्य का निरीक्षण किया गया।

उल्लेखनीय है कि उच्चतम् न्यायालय के निर्देशानुसार औचित्यहीन लंबित प्रकरणों (infructuous cases) को चिन्हांकित करने की प्रणाली विकसित किया जाना है जिससे ऐसे उपरोक्त चिन्हांकित लंबित प्रकरणों को सुनवाई पश्चात् निराकृत किया जा सके।

इस तारतम्य में मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा के निर्देशानुसार रिट, क्रिमिनल अपील, क्रिमिनल रिवीजन, अवमानना प्रकरणों एवं अन्य प्रकरणों में औचित्यहीन लंबित प्रकरणों (infructuous cases) की लिस्ट बनाने का कार्य चल रहा है जिसे ज्यूडिशियल ऑफिसर एवं उच्च न्यायालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। उपरोक्त कार्य का निरीक्षण करने हेतु मुख्य न्यायाधीश प्रत्येक शाखा में गये तथा सत्यापित किये गये प्रकरणों की जांच की। उन्होंने रजिस्ट्रार जनरल एवं रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल को निर्देशित किया कि प्रतिदिन शाखाओं में चल रहे सत्यापन कार्य की जांच करें एवं उसकी रिपोर्ट उनके समक्ष प्रस्तुत की जाए। उन्होंने यह भी अवगत् कराया कि वे उपरोक्त सत्यापन कार्य का समय-समय पर औचक निरीक्षण करते रहेगें।

झांसी ललितपुर लोकसभा प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य को समर्थन के लिए विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन 15, 16 मई को पहुचेंगे अपनी टीम के साथ

झांसी (विश्व परिवार)। झांसी ललितपुर लोकसभा क्षेत्र में सरल सहज लोकप्रिय संघर्षशील ईमानदार पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री प्रदीप जैन आदित्य को झांसी ललितपुर लोकसभा सीट से टिकट मिलने पर समस्त समाज में हर्ष की लहर है।

विश्व जैन संगठन की 12 मई को दिल्ली मुख्य कार्यालय में आयोजित विशेष सभा में उपस्तिथ सभी सदस्यों द्वारा श्री प्रदीप जैन जी द्वारा समाज और संगठन के सभी कार्यों में सदैव सहयोग किए जाने की सराहना की की गई और संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन के नेतृत्व में संगठन के सदस्यों और सहयोगी संस्थाओं के सदस्यों को झांसी ललितपुर लोकसभा क्षेत्र में प्रदीप जी को समर्थन देते हुए चुनाव प्रचार करने में सहयोग हेतु एकमत से निर्णय लिया गया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन ने बताया कि प्रदीप जैन जी सभी समाजों के लिए कार्य करते है और केंद्र में मंत्री रहते हुए अपने क्षेत्र ही नहीं अपितु अन्य क्षेत्रों के लिए कार्य किए और विशेषरूप से जैन समाज व गत 15 वर्षों में संगठन द्वारा आयोजित अल्पसंख्यकता, संथारा, शिखर जी आंदोलन और अन्य महत्वपूर्ण विषयों में पूर्ण सहयोग दिया गया।

श्री संजय जैन ने सभी सदस्यों से प्रदीप जी को भारी बहुमतों से जिताने में सहयोग करने की विनती करते हुए कहा कि अगामी 15 और 16 मई 2024 को झांसी, ललितपुर और आसपास के क्षेत्र में अपनी टीम के साथ प्रदीप जी के समर्थन के लिए जा रहे है और अन्य सदस्य 18 मई को चुनाव प्रचार समाप्त होने तक प्रचार करेंगे। **-आकाश जैन**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर मंगलवार 14 मई 2024

संक्षिप्त समाचार

युवती से मोबाईल लूटने वाला एक गिरफ्तार

राजनांदगांव(विश्व परिवार)। पिछले दिनों सायकल सवार एक युवती का मोबाईल लूट कर फरार होने वाले तीन आरोपियों में से एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके पास से लूट का मोबाईल फोन जब्त किया है। वहीं अन्य दो फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। बता दें कि कुरूभाठ निवासी भूमिका जाम्बुलकर ने थाना डोंगरगढ़ में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह 10 मई को दोपहर 12:30 बजे सायकिल में डोंगरगढ़ से अपने घर जा रही थी रास्ते में सामने तरफसे एक मोटर सायकल में तीन बादमाश आये और उसे सायकिल सहित धक्का देकर गिरा दिया और उसके मोबाईल फोन और आधार कार्ड को लूट कर फरार हो गये। शिकायत पर पुलिस ने धारा- 392, 34 भादवि का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया था। मामले में पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम से विवेचना हेतु दिशा-निर्देश प्राप्त हुआ था जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना पुलिस अलग-अलग टीम बना कर आरोपियों के पता तलाश में जुट गये जिससे एक आरोपी दीपक बाघमारे पिता मुकेश बाघमारे उम्र- 21 साल साकिन रजानगर वार्ड नंबर- 20 डोंगरगढ़ निवासी को पकड़कर पुछताछ करने पर अन्य अपने दो साथी के साथ मिल कर लूट की घटना को अंजाम देना बताया जिसके पास से पुलिस ने लूटे गये पीड़िता के मोबाईल फोन को जप्त कर लिया तथा आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। वहीं मामले में शामिल दो अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

दंतैल हाथियों से रहें दूर, वन विभाग ग्रामीणों को कर रहा सतर्क

बलरामपुर(विश्व परिवार)। वन मंडल बलरामपुर के राजपुर वन परिक्षेत्र के बीट रेवतपुर खोखनिया,जामदोहर कुंदी , बडोली, चाची,धंधापुर,अखौरा जवाखार में तीन नर दतैल जंगली हाथी लगातार विचरण कर रहे हैं । हाथियों से ग्रामीणों को दूरी बनाए रखने एवं सावधान रहने की समझाईस देते उप वन मण्डलाधिकारी राजपुर रविशंकर श्रीवास्तव एवं वन परिक्षेत्राधिकारी महाजन लाल साहू राजपुर मय स्टाफ सहित लगातार हाथी प्रभावित क्षेत्र में दौरा कर लोगों को समझाइश दे रहे हैं की जिस रास्ते से हाथी जा रहे हैं उनके रास्ते में अवरोध उत्पन्न ना करें। पटाखा ना फोड़े उनके सामने टॉर्च ना जलाएं, इससे हाथी उग्र हो जाते है जिससे वे अप्रिय घटना को अंजाम देते है जो दुखदाई होता है। तेंदू पत्ता संग्रहण करने वाले ग्रामीणों आमजनों को जिस इलाके में हाथी विचरण कर रहे हैं उस तरफ ना जाएं तथा हाथियों से दूरी बनाए रखें । लगातार सलाह दे रहे हैं, वन अधिकारयों द्वारा बताया जा रहा है की सरकार द्वारा नियम बनाए गए हैं। उचित मुवावजा भी दिया जाता है जन हानि, धन हानि होने पर अधिकारयों का पूरा प्रयास रहता है की जन हानि ना होने पाए इसलिए हाथियों से उचित दूरी बनाए रखें।

चर्चा का विषय बना नाग का जोड़ा, दर्शन करने उमड़ रही भीड़

कोरिया(विश्व परिवार)। जिले के ग्राम चारपारा में पिछले कुछ दिनों से एक अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। यहां एक तालाब में गांव के कुछ लोगों ने नाग के जोड़े को देखा। एक नाग पूरे तालाब में घूमता हुआ ग्रामीणों के पास आ गया। यह देख लोगों ने उसे दूध पिलाया। इसके बाद से तो नाग बड़े आराम से लोगों को देखते ही उनके करीब आ जाता है। अब चारपारा गांव आसपास के इलाके में इस सांव की वजह से चर्चा में आ गया है। बड़ी संख्या में लोग अब उसकी पूजा करने लगे हैं। कोई दूध पिला रहा है तो कोई छूकर आशीर्वाद मांग रहा है। नाग भी लोगों के करीब आने से किसी तरह से कोई विपरीत प्रतिक्रिया नहीं दे रहा है। बल्कि ऐसा लग रहा है कि वह लोगों के बीच ही रहना चाहता है। खास बात यह है कि, तालाब में घूम कर ग्रामीणों के पास नाग खुद आ जाते हैं। लेकिन वो हर किसी के हाथ से दूध नहीं पीते हैं। कुछ ग्रामीण नाग को छू लेते हैं तो वो उनको काटते तक नहीं हैं। ये सिलसिला लगभग 15 दिनों चल रहा है। बता दें, ग्राम चारपारा के रहने वाले के अमरसिंह ने नाग को गले मे उठाकर ले जाने की कोशिश की तो नाग ने उसे काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गई है। यह घटना तीन दिन पहले हुई है। बैकुण्ठपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत चारपारा में स्थित तालाब में दूर-दूर से लोग नाग देवता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। नाग देवता को देखने के लिए काफी भीड़ लगी रहती है। वहीं नाग देवता भी तालाब के चारों ओर तैर कर घूमते हुए दिखाई देते हैं और लोग उन्हें दूध पिलाते हैं।

नगर निगम चुनाव : सक्रिय नेताओं में तैयारी शुरू, लोकसभा परिणाम की प्रतीक्षा

नगर निगम के चुनाव नवंबर में संभावित है।

कोरबा(विश्व परिवार)। नगर पालिक निगम का मौजूदा कार्यकाल इस वर्ष दिसंबर से पहले खत्म हो जाएगा। नगर निगम के चुनाव नवंबर में संभावित है। इसे लेकर क्षेत्र में मुद्दों की तलाश शुरू हो गई। वर्ष 1998 में साडा को भंग कर नगर निगम का गठन पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश सरकार की ओर से किया गया था। गठन के बाद से निगम ने विभिन्न क्षेत्रों में विकास किया और लोगों को सुविधाएं दी है। पिछले दो चुनाव में नगर निगम कोरबा में कांग्रेस समर्थित महापौर बने हैं। जबकि गठन के बाद तीन अवसर पर जनता ने प्रत्यक्ष प्रणाली के माध्यम से भाजपा को निगम पर सत्ता संभालने का अवसर दिया। वर्ष 2019 में हुए निगम के चुनाव में छत्तीसगढ़ में पहली बार अप्रत्यक्ष रूप से महापौर का निर्वाचन हुआ। 67 वार्डों से निर्वाचित पार्षदों को एक बार फिर वोट का मौका दिया। इस दौरान सीमित अंतर से पंपहाउस वार्ड संख्या 14 से निर्वाचित कांग्रेस के पार्षद राजकिशोर प्रसाद को महापौर चुना गया। उनका कार्यकाल कई कारणों से चर्चा में रहा। विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद महापौर के जाति प्रमाण पत्र संबंधी विवाद पर निर्णय भी आ गया, जिसमें स्थानीय कोर्ट ने प्रमाण पत्र को रद्द कर दिया, जो छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग से संबंधित था। भाजपा पार्षद रितु चैरसिया ने इस पर आपत्ति दर्ज कराते हुए चुनौति दी थी। हालांकि अभी भी महापौर पद पर बने हुए है। यद्यपि नगर निगम की निर्वाचित परिषद का कार्यकाल महज 6 महीने का ही बचा है। ऐसे में अगले नतीजों की परवाह न करते हुए कांग्रेस-भाजपा के अलावा दूसरे स्तर पर सक्रिय नेताओं ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में सक्रियता के पीछे यह भी एक बड़ा कारण रहा। खबर के मुताबिक अपने-अपने इलाकों में जनसंपर्क करते हुए ऐसे लोगों ने न केवल मुद्दों को तलाशा बल्कि जनता के मूड को भांपने की कोशिश भी की। स्थानीय स्तर पर पानी, बिजली, साफ-सफाई के अलावा नागरिक सुविधाओं से संबंधित विषय ही जनता को उन लोगों से जोडने का काम करते है, जो इसके लिए लगातार आवाज उठाते हैं और उचित स्तर पर पहल करते हुए नतीजे भी लाने में सफल होते है। निगम चुनाव के साथ ही जिले में कटघोरा और दीपका नगर पालिका, बांकीमोंगरा नवगठित पालिका सहित छूरीकला व पाली नगर पंचायत के लिए भी लोग वोट डालेंगे और नए अध्यक्ष व नए पार्षद को चुनेंगे। 4 जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित हो जाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार संभवतरू 7 जून को केन्द्र की नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव की आचार संहिता शिथिल हो जाएगी। इस दिन से सरकार का पूरा तंत्र पहले की तरह सामान्य रूप से कामकाज करना प्रारंभ कर देगा। माना जा रहा है कि कोरबा में नगर निगम की सत्ता परिवर्तन से जुड़ा बड़ा काम भी जून महीने में हो सकता है, जिस पर काफी समय से लोगों की निगाहे हैं। इसे अनदेखी कहा जाए या फिर जन सरोकार से दूरी, शायद इसी का नतीजा है कि निगम क्षेत्र के कई गार्डन बदहाली की भेंट चढ़ गए है। निगम के द्वारा वर्षों पहले विकसित किए गए फ्लोद्यान का हाल कुछ ऐसा है कि यहां शराबियों के द्वारा छोड़ी गई खाली बोतलें और डिस्पोजल ही लोगों को नजर आ रही है। शाम के बाद यहां केवल नशेड़ी ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। कोरबा में घंटाघर चैराहे के आकर्षण को बढ़ाने के लिए लगाई गई घड़ी नमूना बनकर रह गई है जो काफी समय से समय नहीं बता रही है। जबकि पिछले वर्ष इसके सामने के परिसर में एलईडी से किया गया वेलकम ब्यूटीफिकेशन भी कबाड़ में बदल गया है।

दृष्टि बाधित छात्र ने दसवीं बोर्ड में अर्जित किया 86.33 प्रतिशत अंक

कोरबा(विश्व परिवार)। मन में विश्वास और लगन हो तो शारीरिक अक्षमता भी लक्ष्य आगे गौण हो जाता है। दृष्टि बाधित होने के बाद भी सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययनरत छात्र चंद्रभान साहू ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के दसवीं बोर्ड परीक्षा में 86.33 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार व स्वजन गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। चंद्रभान छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बुधवारी के छात्र हैं और रोटरी क्लब आफ कोरबा द्वारा संचालित छात्रावास में रहते हैं। दस मई को जब परिणाम की घोषणा हुई तो चंद्रभान का चेहरा खुशी से खिल गया। वजह यह थी उसकी मेहनत सफल हुई और उसने सभी विषयों में विशेष योग्यता के साथ 86.33 प्रतिशत अंक अर्जित किया। परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद चंद्रभान ने ग्यारहवीं कक्षा की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। उसने बताया कि वह में कला संकाय में प्रवेश लेगा। उनका लक्ष्य ग्यारहवीं और बारहवीं बोर्ड में अपने प्रदर्शन को और सुधारते हुए बेहतर अंक प्राप्त करना है। चद्रभान के स्वजन मुंगेली जिले के ग्राम जुनवानी में निवास करते हैं। पिता अनिल कुमार साहू खेती किसानी करते हैं और उनकी एक किराना दुकान है। 18 वर्षीय चंद्रभान कक्षा चैथी में पढ़ रहे थे तभी से रोटरी के छात्रावास में निवास कर रहे हैं। चंद्रभान ने बताया कि जब वह सात वर्ष के थे तब रेटिना में कुछ समस्या आई और आंखों की रोशन पूरी तरह चली गई। चंद्रभान का कहना है कि पढ़ाई में मोबाइल का सदुपयोगी उसके लिए बेहतर सहारा बना। उसने बताया कि वह मोबाइल पर पाठ्यक्रम से संबंधित विवरण की रिकार्डिंग रखता है। साथ ही ई- लाइब्रेरी के जरिए आनलाइन तरीके से जो रीड होता उससे पढ़ाई करता है। बोर्ड परीक्षा की तैयारी में चंद्रभान रोजाना चार से पांच घंटे समय देता था। विद्यार्थी ने बताया कि उन्हें विद्यालय के सभी शिक्षकों का खासा योगदान मिला है। उसने अपनी सहपाठी अमृता निशांत के प्रति आभार प्रकट किया। अमृता ने चंद्रभान को अध्यापन कराने में सहयोग दिया। अमृता ने 10वीं की परीक्षा में 96.33 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। दोस्त दीपेश कमर ने साथ दिया। रोटरी छात्रावास की प्रमुख रिता खेत्रपाल, टीचर जानकी ने चंद्रभान को हर पल प्रोत्साहित किया।

ग्राम सेमरा के जंगलों में पुलिस -नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में मृत एक नक्सली का शव बरामद

मुठभेड़ के पश्चात हथियार 312बोर देशी कट्टा,नक्सली साहित्य एवं नक्सली सामग्री सहित अन्य सामान किया गया बरामद

धमतरी(विश्व परिवार)। जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत दिनांक 11-05-24 को धमतरी,गरियाबंद के सीमांत सेमरा जंगल के पहाड़ी में प्रतिबंधित माओवादी संगठन गोबरा एलओएस की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी. की 25-30 की संख्या में टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। सर्च अभियान के दौरान दोपहर 2:00 बजे सेमरा के जंगल पहाड़ियों में पुलिस एवं माओवादियों के बीच में मुठभेड़ हुई जिसमें प्रतिबंधित सशस्त्र माओवादियों द्वारा स्वचालित हथियारों से पुलिस पार्टी पर फायरिंग किया जा रहा था, जिसके जवाब में पुलिस पार्टी डीआरजी टीम द्वारा भी पेड़ों एवं चट्टानों की आड़ लेकर आत्मसुरक्षार्थ नक्सलियों पर फायरिंग की गई। रुक-रुक कर लगभग 1 घंटे तक पुलिस पार्टी पर फायरिंग किया गया। मुठभेड़ पश्चात् घटना स्थल की सर्चिंग के दौरान घटनास्थल जंगल का बारीकी से पुलिस पार्टी द्वारा सघन सर्चिंग करने पर 01 पुरूष नक्सली का शव बरामद हुआ तथा उसके पास से 01 नग 315 बोर देशी कट्टा ,01 नग सैमसंग मोबाईल मॉडल गैलेक्सी, ह्वह्स, 01 नग मेमोरी कार्ड, 01 मोबाईल चार्जर केबल, 02 नग बैनर (नक्सली), नक्सल साहित्य एंव दवाईयों की पर्ची मौका घटनास्थल से बरामद किया गया। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर नक्सलियों द्वारा छोड़े गये उक्त बरामद सामग्री को जप्त किया गया नक्सलियों का यह कृत्य अपराध धारा सदर के पाये जाने से थाना नगरी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

नपा अध्यक्ष कौशिक ने सुनी अटल आवास में निवासरत परिवारों की समस्याएं

कवर्धा(विश्व परिवार)। नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने रविवार को शहर के वार्ड क्रमांक 17 स्थित घुघरी अटल आवास में पहुंचकर साफ-सफाई कार्यों का जायजा लिया व उनकी समस्याओं को सुना। वार्ड क्रमांक 17 घुघरी अटल आवास में निवासरत परिवार लोगो ने बताया कि सफाई नहीं होने के कारण बदबू से परेशान रहते हैं जिसके कारण लोग भी बीमार हो रहे हैं तत्काल साफ सफाई करने की जरूरत है। नपा अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने उनके बातों व समस्याओ को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जेसीबी व सफाई कर्मचारियों की मदद से अटल आवास परिसर का साफ सफाई कराया गया। साफ सफाई हो जाने से वहाँ निवासरत परिवारों ने नगर पालिका टीम को धन्यवाद दिया। साथ में भाजपा कार्यकर्ता चीकू सिन्हा भी उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बताया कि डिप्टी सीएम विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा शहर का विकास होगा। गंगानगर से होकर गुजरने वाले गुरुनाला का साफ सफाई कराया गया । विभिन्न वार्डो में निर्मित छोटी बड़ी नालियों से होकर बहने वाली पानी बड़े गुरु नाला में आकर मिलता है गुरुनाला में जलीय पौधे निकल आये है साथ मलबे को फेंक दिया गया है जिसके कारण नाला पट चुका था।

शराब दुकानों के पास वैध अहाता पद्धति शुरूः मिलेगा राजस्व, मदिरा प्रेमियों को भी होगा फायदा

कोरबा(विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ में सरकार बदलते ही नई सरकार द्वारा कई विभागों में चल रहे भर्राशाही को खत्म करते हुए बदलाव कर रही है। इसी बीच एक और बड़ा बदलाव छत्तीसगढ़ में हो रहा है जहां पूर्व में संचालित प्रदेश के सभी शराब दुकानों के आसपास संचालित हो रहे अवैध ठेला, दुकानों, गुमटी को हटाकर वैध अहाता के लिए ठेका पद्धति लाई गई है जिससे सरकार को राजस्व के रूप में करोड़ों रुपए की बड़ी राशि भी प्राप्त हो रही है। इसी कड़ी में कोरबा जिले में शराब दुकानों के अहाता के लिए करोड़ों रुपए की बोली लगाई गई है। कोरबा जिले के सबसे महंगे शराब दुकान अहाता में कलेक्टर कार्यालय से महज कुछ दूर संचालित रामपुर शराब दुकान की लगी है जिसके लिए अधिकतम बोली 50 लाख रुपए है। इसी तरह कोरबा जिले में लगभग 29 दुकानों के सामने अहाता के लिए ठेका किया गया है जिसमें लगभग करोड़ों रुपए की बोली लगी है। इस अहाते के संचालन को लेकर आबकारी विभाग द्वारा अधिकतम बोली लगाने वाले ठेकेदारों को दो दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से राशि जमा करने को कहा है। किसी कारणवश अधिकतम बोली लगाने वाले ठेकेदार के द्वारा यदि राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो उसके निकटतम बोली के नीचे क्रमशः आने वाले ठेकेदारों को मौका दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में शराब दुकान परिसर के भीतर अहाता खुलने से जहां शराबियों को बैठकर पीने एवं खाने-पीने की चीजों को परोसने की जिस तरह से व्यवस्था बनाई जा रही है। इस व्यवस्था से सरकार को भी हर साल करोड़ों रुपए के राजस्व मिलेंगे। पहले यह भी देखने को मिलता था कि शराब प्रेमियों को शराब खरीदने के बाद सुरक्षित जगह पर बैठकर शराब पीने की दिक्कतें बहुत ज्यादा होने लगी थी। शराब दुकान के पास अहाता संचालन होने से मदिरा प्रेमियों को भी फायदा होने वाला है। मदिरा प्रेमी अपने पसंद की शराब खरीदकर अहाता के भीतर बैठकर शराब का सेवन कर सकते हैं जिससे उन्हें शराब पीने के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा।

मासांत से पहले 1.31 लाख मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य

कोरबा(विश्व परिवार)। ग्रीन गोल्ड के नाम पर पहचाने जाने वाले तेंदूपत्ता ने न केवल वन विभाग की आमदनी बढ़ाई है बल्कि संग्राहकों को भी अपना जीवन स्तर ऊंचा उठाने का मौका दिया है। जिले के दो वनमंडल के अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्रहण का काम जोर-शोर से चल रहा है। सरकार की नीति के अंतर्गत इस बार संग्राहकों को पारिश्रमिक का भुगतान ऑनलाइन किया जा रहा है। विपरित परिस्थितियों के बावजूद विभाग ने आशा जताई है कि समय पर वर्ष 2024 को संग्रहण लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। कोरबा जिले के कोरबा और कटघोरा वनमंडल में आने वाले 12 वन परिक्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य मई की शुरुआत से हुआ है। इसके लिए एक महीने का समय निर्धारित किया गया है। हालांकि अवधि का निर्धारण इस बात पर भी टिका होता है कि संबंधित क्षेत्र में तेंदूपत्ता कितनी मात्रा में मिल रहा है और कामकाज की गति क्या है। कोरबा वनमंडल के लिए सरकार की ओर से 55 हजार मानक बोरा और कटघोरा के लिए 76300 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। दोनों वनमंडल को मिलाकर 86 हजार 852 संग्राहक इस काम में जुड़े हुए हैं। कोरबा वनमंडल में 38 हजार संग्राहकों को इस काम में शामिल कर रोजगार दिया गया है जबकि कटघोरा वनमंडल में यह संख्या 48 हजार 852 है। राज्य सरकार पिछली बार के मुकाबले तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य से जुड़े श्रमिकों को 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर पर भुगतान कर रही है। छत्तीसगढ़ के गठन के बाद से अब तक की यह सर्वाधिक राशि है जिसने ग्रामीणों को खुश किया है। बीते विधानसभा चुनाव के दौरान कामकाजी लोगों को लेकर मुख्य रूप से तत्कालीन कांग्रेस सरकार और भाजपा ने अपने-अपने घोषणा पत्र जारी किये थे जिसमें तेंदूपत्ता संग्राहकों को अधिक राशि देने के दावे किये गए थे। भाजपा के नेतृत्व में बनी सरकार ने बाजी मारी है। उक्तानुसार संग्राहकों को तेंदूपत्ता एकत्र करने को लेकर राशि का ऑनलाइन भुगतान किया जा रहा है। जिले में उपस्थित वन संपदा काफी समृद्ध है और वन क्षेत्र में रहने वाली आबादी के लिए सबसे बड़ा आर्थिक सहारा भी है। कई प्रकार की वनोपज कोरबा जिले के वनों में वर्षों से होती रही है। इसमें लाख, चपड़ा, तेंदूपत्ता, महुआ, चार, चिरौंजी मुख्य हैं। इन पर आधारित प्रसंस्करण इकाईयां शुरू करने के लिए संबंधित लोगों को काफी लाभ प्राप्त हो रहा है। वन विभाग ने तेंदूपत्ता संग्रहण की पद्धति में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं किया है। संग्रहण का काम पहले के जैसा ही है। पिछली घटनाओं को ध्यान में रख आसपास के इलाके में आग लगाने जैसे कारनामो पर निगरानी की गई। कोरबा वनमंडल में कहीं एक मई से तो कुछ स्थानों पर विलंब से संग्रहण कार्य शुरू हुआ है। 38 हजार संग्राहक काम में लगे हैं। हर सप्ताह श्रमिकों को उनके खाते में ऑनलाइन भुगतान किया जा रहा है। कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत 6 वन परिक्षेत्र के 482 फड़ में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू कराया गया है। संबंधित समितियों के लिए काम करने वाले अमले को पहले ही आवश्यक प्रशिक्षण दे दिया गया था। इस सत्र में संग्रहण के लिए वनमंडल के 48 हजार 852 लोगों को रोजगार का अवसर दिया गया है। उनके माध्यम से संग्रहण का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए काम जारी है।

केकेआर ने मुंबई को 18 रनों से हराया, हार से खत्म हुई सारी उम्मीदें

कोलकाता(एजेंसी)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल 2024 के 60वें मैच में शनिवार को यहां ईडेन गार्डेन्स में मुंबई को 18 रनो से हरा दिया। बारिश के कारण मैच देर से शुरू हुआ और 16-16 ओवर का कर दिया गया। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वेंकटेश अय्यर (21 गेंद में 42) और नितीश राणा (33) की शानदार पारियों के दम पर 157/7 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में मुंबई 139/8 ही बना सकी। ईशान किशन (22 गेंद में 40 रन) और इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतरे रोहित शर्मा (19) ने मुंबई को अच्छी शुरुआत दी। दोनों ने 6.5 ओवर में 65 रन जोड़े। सुनील नारायण ने ईशान को रिंकू सिंह के हाथों बाउंड्री पर कैच कराया। इसके बाद रनों की रफ्तार पर भी ब्रेक लग गया। अगले ओवर में रोहित वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर कैच दे बैठे। सूर्य कुमार यादव (11) भी कुछ खास नहीं कर सके और आंद्रे रसेल ने 11 वें ओवर में उन्हें चलता किया। उस समय टीम का स्कोर 87 रन था। कप्तान हार्दिक पांड्या (2) 12वें ओवर में वरुण का शिकार बने। टिम डेविड भी 13वें ओपर की पहली गेंद पर रसेल की गेंद पर शून्य पर आउट हुए। तिलक वर्मा (17 गेंद पर 32 रन) ने एक छोर पर भरपूर कोशिश की, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें साथ नहीं मिला। वह आखिरी ओवर में हर्षित राणा की गेंद पर विकेट के पीछे कैच दे बैठे। केकेआर के लिए राणा, रसेल और वरुण ने दो-दो विकेट लिए जबकि सुनील नारायण के खाते में एक विकेट आया। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने सात विकेट पर 157 रन का स्कोर खड़ा किया। वेंकटेश अय्यर ने सबसे ज्यादा दो छक्के, आठ चौके की मदद से 42 रन बनाये। नितीश राणा ने 23 गेंद पर 33 रनों की पारी खेली। शुरुआती विकेट जल्दी गिरने के बाद मध्य क्रम में आंद्रे रसेल (24 रन), रिंकू सिंह (20 रन) और रमणदीप सिंह (17 रन) ने भी महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। केकेआर को पहले ओवर में ही फिल सॉल्ट के रूप में छह रन के स्कोर पर पहला झटका नुवान तुषारा ने दिया। सॉल्ट अंशुल कंबोज के हाथों कैच आउट हुए। अगले ओवर में बुमराह ने सुनील नारायण को बोल्ड कर दिया। पांचवें ओवर में कप्तान श्रेयस अय्यर भी सात रन बनाकर कंबोज की गेंद पर बोल्ड हो गये। नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के बाद भी केकेआर ने पूरी पारी में रन रेट 10 के आसपास बनाये रखा। मुंबई की ओर से बुमराह और पीयूष चावला ने दो-दो विकेट लिए।

ऋषभ पंत के बिना उतरेगी दिल्ली आरसीबी के लिए आखिरी मौका

बेंगलुरु(एजेंसी)। लगातार चार मैच जीतकर प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अपना दावा बनाये रखने के लिए रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हर हालत में हराना होगा जबकि दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत निलंबन के कारण इस मैच से बाहर रहेंगे। पंत को इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में तीन बार धीमी ओवर गति के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सात मई को दिल्ली कैपिटल्स की 20 रन की जीत के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए पंत पर 30 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था। पंत की गैर मौजूदगी से आरसीबी को फायदा मिलेगा जबकि दिल्ली के लिए यह बड़ा झटका है। आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को दो बार हराने के अलावा पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है। गुजरात और पंजाब से आरसीबी को कोई चुनौती नहीं मिली और सनराइजर्स को उसने करीबी मुकाबले में हराया। दिल्ली के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। पंत की कप्तानी वाली टीम ने 27 अप्रैल को मुंबई पर दस रन से मिली जीत में 257 रन बनाये थे।

दीक्षा ने लॉस एंजेलिस में 1500 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

नईदिल्ली(एजेंसी)। मध्य प्रदेश की ट्रैक एथलीट केएम दीक्षा ने लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ट्रैक फेस्टिवल में महिलाओं की 1500 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। 25 वर्षीय भारतीय ने विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्पर्धा में 4:04.78 का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रक्रिया में उन्होंने वारंगल में 2021 राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरमिलन बैंस द्वारा निर्धारित 4:05.39 के पिछले रिकॉर्ड को बेहतर बनाया। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) के अनुसार दीक्षा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड अनुसमर्थन के अधीन है। लॉस एंजिल्स में पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में, स्टार डिस्टेंस धावक अविनाश साबले अपने राष्ट्रीय 5,000 मीटर ट्रैक रिकॉर्ड में सुधार करने से चूक गए और 13:20.37 का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहे,

लग्जरी घर खरीद रहे भारतीय

बजट होम की मांग में आई कमी!

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत में लग्जरी और प्रीमियम घरों की मांग में पिछले पांच वर्षों में बड़ा उछाल देखने को मिला है। 2019 की पहली तिमाही में बिकने वाली घरों में लग्जरी होम की संख्या 7 प्रतिशत थी, जो कि 2024 की पहली तिमाही में बढ़कर 21 प्रतिशत हो चुकी है। इस दौरान बजट घरों या अफोर्डेबल होम की बिक्री में 20 प्रतिशत की गिरावट हुई है। यह जानकारी जारी रिपोर्ट में सामने आई। प्रॉपर्टी कंसल्टेंट फर्म एनारॉक की रिपोर्ट में बताया गया कि जनवरी से मार्च की अवधि में देश के सात बड़े शहरों में कुल 1.30 लाख घर बिके थे, जिसमें से 27,070 यूनिट्स (21 प्रतिशत) लग्जरी घर थे। वहीं, 2019 की पहली तिमाही में ये आंकड़ा 7 प्रतिशत पर था, यानी, पिछले पांच वर्षों में इसमें 3 गुना का इजाफा देखने को मिला है। 2024 की पहली तिमाही में 26,545 अफोर्डेबल होम बिके थे, जो कि कुल घरों की बिक्री का 20 प्रतिशत था। पांच वर्ष पहले यह संख्या 37 प्रतिशत पर थी। एनारॉक ग्रुप के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, लग्जरी घरों की मांग और आपूर्ति दोनों में इजाफा देखने को मिल रहा है। वहीं, अफोर्डेबल होम की मांग फिलहाल कम है। अच्छी लोकेशन पर ब्रांडेड डेवलपर्स के लग्जरी घरों की मांग तेजी से बढ़ रही है। पहली तिमाही में दिल्ली-एनसीआर में कुल 15,645 घरों की बिक्री हुई थी, जिसमें से 6,060 यूनिट्स या 39 प्रतिशत घर लग्जरी थे और इनकी कीमत 1.5 करोड़ रुपए से अधिक थी। पांच वर्ष पहले दिल्ली-एनसीआर में कुल 13,740 घरों की बिक्री हुई थी, जिसमें से 4 प्रतिशत ही लग्जरी घर थे। 2024 की पहली तिमाही में बेंगलुरु, मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एएमआर), चेन्नई, पुणे और हैदराबाद में बिकने वाले ज्यादातर घर मिड-रेंज और प्रीमियम सेगमेंट (40 लाख से लेकर 1.5 करोड़ रुपए तक) के थे। 2024 की पहली तिमाही में अफोर्डेबल घरों की बिक्री कुल बिक्री में घटकर 18 प्रतिशत रह गई है। यह पांच वर्ष पहले समान अवधि में 40 प्रतिशत पर थी।

एयरटेल और गूगल क्लाउड ने क्लाउड एडॉप्शन में तेजी लाने और जेनरेटिव एआई सॉल्यूशंस को इस्तेमाल करने के लिए लंबी अवधि के लिए करार किया

गुरुग्राम। - भारती एयरटेल (एयरटेल) और गूगल क्लाउड ने आज भारतीय कारोबारियों को क्लाउड सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए दीर्घकालिक सहयोग करार किया है। इस करार के तहत एयरटेल के ग्राहकों के लिए फास्ट-ट्रैक क्लाउड अपनाने और आधुनिकीकरण के लिए गूगल क्लाउड के अत्याधुनिक क्लाउड सॉल्यूशंस का एक सूट पेश किया जाएगा। इसके अलावा, एयरटेल अपने ग्राहकों को क्लाउड मैनेज्ड सेवाओं का एक सेट प्रदान कर सकेगा। एयरटेल के ग्राहकों में 2,000 से ज्यादा बड़े उद्यम और दस लाख उभरते व्यवसायी शामिल हैं। इस करार के तहत दोनों कंपनियां बड़े और विकासित होते भारतीय पब्लिक क्लाउड सर्विस बाजार को टारगेट कर रही हैं। आई डी सी के मुताबित 2027 तक इस बाजार का आकार 17.8 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। दोनों कंपनियां इंडस्ट्री लीडिंग ए आई/यम एल सॉल्यूशंस डेवलप करने के लिए कनेक्टिविटी और ए आई टेक?नोलॉजी की अपनी विशेज्ञता का इस्तेमाल करेंगी। इसके लिए एयरटेल अपने बड़े डेटा सेट पर ट्रेनिंग देगा। ये खास सॉल्यूशन एयरटेल के ग्राहकों को ज्यादा वैल्यू प्रदान करेंगे। इनमें ट्रेंड-स्पॉटिंग, पूर्वानुमान क्षमताओं, मार्केट वैल्यूएशन, साइट सेलेक्शन, रिस्क मैनेजमेंट और एसेट ट्रैकिंग के लिए एडवांस लोकेशन इंटेलीजेंस क्षमता वाले जियोस्पेशियल एनालिटिक्स सॉल्यूशन शामिल होंगे। इसके अलावा इस करार के तहत विभिन्न भाषाओं में ग्राहकों से संवाद करने वाले अप्लीकेशंस के लिए वॉयस एनालिटिक्स सॉल्यूशन और उपभोक्ताओं के व्यवहार का अंदाजा लगाने, उपभोक्ता की उनकी रुचियों के मुताबिक पहचान करने और कम लागत पर सटीक प्रभाव वाले विज्ञापनों के साथ कॉन्टेंट क्रिएशन करने वाले मार्केटिंग टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस विकसित किए जाएंगे।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर
// बिजली बंद की सूचना//

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नवाव उद्भोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि सारागांव वितरण केन्द्र के अंतर्गत आने वाले निम्नलिखित 33/11 के.व्ही लाईन में मानसून पूर्व अतिआवश्यक सुधार कार्य किए जायेंगे इस हेतु सुबह 09.00 से शाम 05.00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर एवं दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया के सकता है।

क्र.	दिनांक	उपकेन्द्र का नाम	फिडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र/ग्राम
1	17.05.2024 से 20.05.2024	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सारागांव	11 के.व्ही. अड़सेना	अड़सेना, मेहदी, गनियारी, मटियाडीह, असौदा, बसौदा
2	18.05.2024 से 21.05.2024	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सारागांव	11 के.व्ही. चंद्रखुरी	सारागांव।
3	22.05.2024 से 24.05.2024	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सारागांव	11 के.व्ही. सिलयारी	सारागांव, सिलयारी, निल्जा, पवनी।
4	23.05.2024 से 27.05.2024	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सारागांव	11 के.व्ही. दोंदे	जरौदा, तर्रा, टोर।
5	25.05.2024 से 28.05.2024	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सारागांव	11 के.व्ही. इंटरलिंकिंग	बरौदा, बंगोली, कुर्रा धनसूली।
6	29.05.2024 से 31.05.2024	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र हाउसिंग बोर्ड दोंदेखुर्द	11 के.व्ही. दोंगे ग्रामीण	दोंदे खुर्द।
7	30.05.2024 से 03.05.2024	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र हाउसिंग बोर्ड दोंदेखुर्द	11 के.व्ही. मटिय	दोंदेकला, मटिया, बरबंदर।
8	01.05.2024	33/11 के.व्ही. हाउसिंग बोर्ड दोंदेखुर्द	11 के.व्ही. हाउसिंग बोर्ड	हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द।
9	04.05.2024 से 05.05.2024	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सारागांव	11 के.व्ही. अटल ज्योति अड़सेना	ग्राम अड़सेना, मेहदी, गनियारी, बरौदा पम्प लाईन
10	05.05.2024 से 07.05.2024	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सारागांव	11 के.व्ही. अटल ज्योति सिलियारी	निल्जा, पवनी, तर्रा, जरौदा पम्प लाईन।

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़
विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं0 1912 पर दर्ज कराएंगे

असुविधा के लिए खेद है

(शशांक श्रीवस्तव)
कर्म0 संख्या 4401195
कार्यपालन यंत्री (संचा0/संधा0) संभाग
छ0स्टे0पॉ0 डि0कं0लि0, रायपुर

विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध है कृपया इससे बचे स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए
संवाद-

छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, अटल नगर
// बिजली बंद की सूचना //

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि आरंग (शहर), मंदिर हसौद, भानसोज एवं चंदखुरी वितरण केन्द्र के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र से निकलने वाली 33 के.व्ही. एवं 11 के.व्ही. लाईनो का प्री मानसून मेंटनेंस एवं मरम्मत कार्य निम्नानुसार प्रस्तावित है। नीचे दिये गये तिथियों में विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर एवं दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

	दिनांक	दिन	समय	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	15.05.2024	बुधवार	सुबह 09:00 से शाम 04:00 बजे तक	11 के.व्ही. पारागांव टाउन फीडर	पारागांव, पंधी के समस्त विद्युत उपभोक्ता।
2	18.05.2024	शनिवार	सुबह 09:00 से शाम 04:00 बजे तक	11 के.व्ही. दीनदयाल फीडर एवं अटल आवास फीडर	दीनदयाल कॉलोनी आरंग एवं अटल आवास आरंग के समस्त विद्युत उपभोक्ता।
3	20.05.2024	सोमवार	सुबह 09:00 से शाम 04:00 बजे तक	11 के.व्ही. रसनी फीडर	पारागांव, पंधी खार, बैहार घुमराभाठा के समस्त विद्युत उपभोक्ता।
4	22.05.2024	बुधवार	सुबह 09:00 से शाम 04:00 बजे तक	11 के.व्ही. आरंग टाउन 1 फीडर	खरोरा रोड, कालेज चौक, सुमन कॉलोनी, श्रीराम विहार, कलई रोड, इंदिरा चौक, सदर रोड, राजिम रोड, 11 के.व्ही. उच्चदाब उपभोक्ता डिविजनल ईले, इजी. रेल्वे आरंग के समस्त विद्युत उपभोक्ता।
5	24.05.2024	शुक्रवार	सुबह 09:00 से शाम 04:00 बजे तक	11 फीडर के.व्ही. राटाकाट	राटाकाट गांव, अघरीया प्लाट, बेनिडिह, एफ सी. आई. अमेठी रोड के समस्त विद्युत उपभोक्ता।
6	25.05.2024	शनिवार	सुबह 09:00 से शाम 04:00 बजे तक	11 के.व्ही. आरंग टाउन 2 फीडर	खमतराई चौक, ब्लाक कालोनी, अकोली रोड, बागेश्वर पारा, पटेल चौक से नेताजी चौक, अकोली रोड . बस स्टैण्ड, गुडियारी पारा, सी.एच. सी. के समस्त विद्युत उपभोक्ता।
7	14.05.2024	मंगलवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	11 केव्ही कुरूद	कुरूद, नक्टा, सी.आर.पी.एफ।
8	15.05.2024	बुधवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	33 केव्ही आरंग, 33 केव्ही एग्रीकल्चर	एच.टी. उपभोक्ता एग्रीकल्चर फीडर।
9	17.05.2024	शुकवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	33 केव्ही उमरिया/33 केव्ही शिवा पंप	एच.टी. उपभोक्ता 33 केव्ही उमरिया फीडर।
10	18.05.2024	शनिवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	11 केव्ही राधास्वामी	मंदिर हसौद बस्ती।
11	20.05.2024	सोमवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	33 केव्ही मयुर स्कुल	एच.टी. उपभोक्ता मयुर स्कुल फीडर।
12	22.05.2024	बुधवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	33 केव्ही भिलाई सी.आर. पी.एफ/33/11 केव्ही गनौद सब स्टेशन	गनौद सब स्टेशन से निकलने वाली सभी 11 केव्ही फीडर के उपभोक्ता।
13	24.05.2024	शुक्रवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	11 केव्ही छेरीखेड़ी	तुलसी बाराडेरा, मंदिर हसौद, सत्य वाटिका, केथरिन सिटी, मंदिर हसौद केशर एरिया, गैलेक्सी न्यु टाउन 1/2, तुलसी।
14	25.05.2024	शनिवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	11 केव्ही परसदा	परसदा, उमरिया भाठापारा, खुटेरी, नवागांव, पलौद।
15	27.05.2024	सोमवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	33 केव्ही उमरिया आउट गोविंग / नारा टेपिंग	एच.टी. उपभोक्ता उमरिया सब स्टेशन, अजंता पेपर, अग्रवाल आइल मिल, बनोदिया राईस मिल।
16	29.05.2024	बुधवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	एच.टी. मुनगी / मुनगी सब स्टेशन	एच.टी. उपभोक्ता 33 केव्ही मुनगी फीडर।
17	31.05.2024	शुक्रवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	11 केव्ही गोढ़ी	जरौद, उमरिया, खुटेरी, गोढ़ी।
18	01.06.2024	शनिवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	11 केव्ही छतौना	नवागांव, दरबा, बकतरा, सोनपैरी, कुटेशर।
19	04.06.2024	मंगलवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	11 केव्ही रींवा/33/11 केव्ही उमरिया सब स्टेशन	रींवा, लखौली, रसनी, बोरिद, गुजरा फाटक, उमरिया, खुटेरी, गोढ़ी, रसदा, उमरिया भाठापारा, खुटेरी, नवागांव, पलौद।
20	05.06.2024	बुधवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	11 केव्ही कोसमखुटा	कोसमखुटा, गनोद, देवदा सोनपैरी, बिरबिरा, नरियारा।
21	07.06.2024	शुक्रवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	11 केव्ही परसदा पंप/11 केव्ही धमनी	परसदा एग्रीकल्चर उपभोक्ता, धमनी, गुजरा, लखौली बस्ती, कोटनी, कलिंगा विश्वविद्यालय।
22	15.05.2024	बुधवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	11 केव्ही टेकारी फीडर	नारा बस्ती, खम्हरिया, डिघारी, टेकारी, कुण्डा, बड़गांव, पिपरठ्ठा।
23	24.05.2024	शुकवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	11 केव्ही खोली फीडर	करहीडीह, मालिडीह, खोली, कठिया, भड़हा राईस मिल।
24	15.05.2024	बुधवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	33 केव्ही एग्रीकल्चर फीडर	निरंक।
25	17.05.2024	शुकवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	11 केव्ही चंदखुरी फीडर	जावा, सकरी, अमेरी।
26	17.05.2024	शुक्रवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	11 केव्ही चंदखुरी फीडर	पंप सकरी।
27	19.05.2024	रविवार	सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक	11 केव्ही चंदखुरी टाउन फीडर	मुगेशर, जुगेशर, नगपुरा, चंदखुरी।

आरंग (शहर) वि0के0 के तकनीकी कर्मचारी अपने समस्त तैयारियों के साथ प्रातः 08:00 बजे 33/11 के.. व्ही. उपकेन्द्र खमतराई में उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त अवधि में कोई भी कर्मचारी अवकाश पर नहीं रहेंगें।''

''विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं0 1912 पर दर्ज कराएँ।''

असुविधा के लिए खेद है

(एम0एस0हरि)
कर्म0संख्या 4450812
कार्यपालन यंत्री (संचा0 / संधा0) संभाग
छ0 स्टे0पॉ0डिए कं0लि0, अटल नगर नवा रायपुर

Samwad- 40182/2

व्यापार समाचार

एफआईआई की बिकवाली का असर लार्ज कैप शेयरों पर

नई दिल्ली(एजेंसी)। शेयर बाजार में लार्ज कैप शेयरों का परफॉर्मेंस एफआईआई की बिकवाली से प्रभावित हो रहे है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अभी चौथी तिमाही के नतीजे का मौसम चल रहा है, इसमें निवेशकों को अपना पोर्टफोलियो इसी आधार पर बनाना चाहिए। बाजार बैंक ऑफ़ इंग्लैंड की नीति और यूरोजोन के जीडीपी आंकड़ों को लेकर भी सतर्क रहेगा। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि हाई वैल्यूएशन और चुनाव संबंधी किसी झटके के कारण बाजार में कुछ हद तक करेक्शन हो सकता है। उन्होंने कहा कि एफआईआई बाजार में बिकवाली करते रहे, जिससे लार्ज कैप शेयरों के प्रदर्शन पर असर पड़ा। उम्मीद से थोड़ी बेहतर चौथी तिमाही की आय और तेल की कीमतों में सुधार के कारण सप्ताह के दौरान घरेलू बाजार की सकारात्मक शुरुआत हुई। उन्होंने कहा, हालांकि हाई इन्फ्लेशन की स्थिति जारी रहने की फेड की चेतावनी के चलते घरेलू बाजार में करेक्शन होने लगा। ऑटो कंपनियों की अच्छी कमाई के कारण सेक्टर का प्रदर्शन थोड़ा बेहतर रहा। उन्होंने कहा, इसके अलावा, चौथी तिमाही के सकारात्मक नतीजों और बिजली की मांग में बढ़ोतरी के कारण बैंकों और पावर सेक्टर में हलचल दिखाई दे रही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा हमें उम्मीद है कि बाजार व्यापक दायरे में मजबूत होगा।

एक्स की सख्ती: अप्रैल में भारत में 1.8 लाख से ज्यादा अकाउंट्स किए बैन

नई दिल्ली(एजेंसी)। एलन मस्क द्वारा संचालित एक्स कॉर्प ने 26 मार्च से 25 अप्रैल के बीच भारत में 184,241 अकाउंट्स पर बैन लगा दिया। इनमें ज्यादातर अकाउंट बाल यौन शोषण और गैर-सहमति नग्नता को बढ़ावा देने वाले थे। माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए 1,303 अकाउंट्स को भी हटा दिया। कुल मिलाकर एक्स ने इस अवधि में 185,544 अकाउंट्स पर बैन लगाया। एक्स ने नए आईटी नियम, 2021 के अनुपालन में अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा, उसे अपने शिकायत निवारण तंत्र (ग्रीवेंस रिड्रेसल मैकेनिज्म) के माध्यम से एक ही समय सीमा में भारत में यूजर्स से 18,562 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसके अलावा, कंपनी ने 118 शिकायतों पर कार्रवाई की जो अकाउंट सस्पेंशन (निलंबन) के खिलाफ अपील कर रही थीं। कंपनी ने कहा, स्थिति की बारीकियों की समीक्षा करने के बाद हमने इनमें से चार अकाउंट्स के निलंबन को पलट दिया। शेष रिपोर्ट किए गए अकाउंट निलंबित रहेंगे। हमें इस रिपोर्टिंग अवधि के दौरान अकाउंट्स के बारे में सामान्य सवालों से संबंधित 105 अनुरोध मिले। भारत से अधिकांश शिकायतें प्रतिबंध उल्लंघन (7,555), इसके बाद घृणित आचरण (3,353), संवेदनशील वयस्क सामग्री (3,335) और दुर्व्यवहार/उत्पीड़न (2,402) के बारे में थीं।

कलर्स दर्शकों को अपने नए प्रेरणादायक नाटक 'खूबसूरत' के साथ अजेय जज़्बे की एक्सप्रेस में शामिल होने की दावत देता है

मुंबई। सभी लोग ध्यान दें! कलर्स 'खूबसूरत' के आगमन का संकेत दे रहा है, जो एक दिल छू लेने वाली कहानी है। यह दर्शकों को मुंबई की भावना के कठिन ट्रैक के माध्यम से एक प्रेरणादायक यात्रा पर ले जाने का वादा करती है। चैनल सपनों की इस गाथा में दर्शकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो उन्हें एक साधारण लड़की नव्या के प्रति आकर्षित करेगी, जिसका जीत का जज़्बा (जुनून) उस शहर की धड़कन की तरह अजेय है, जिससे वह जुड़ी है। एक चॉल में रहने वाली नव्या शहर की गगनचुंबी इमारतों जितनी ऊंची आकांक्षाओं के साथ खड़ी है। परिवार में वह एकमात्र सांवली है और इस कारण अपने पिता की अस्वीकृति के बावजूद वह कुछ बड़ा करना चाहती है। अपने आस-पास के लोगों द्वारा उसकी त्वचा के रंग को लेकर किए जाने वाले तानों से विचलित हुए बिना नव्या ने अपना घर चलाने के साथ-साथ अपनी आकांक्षाओं पर ब्रेक लगाने से इनकार किया है। चाहे वह मेज पर इंतजार कर रही हो, अपनी शहनाई के साथ बारातों का स्वागत कर रही हो या भोजन पहुंचा रही हो, कोई भी काम उसे अपनी धूप की ऊर्जा के साथ जीवन को आगे बढ़ाने से नहीं रोक सकती। सामाजिक मानदंडों की चुनौतियों के साथ, क्या उसका जज़्बा सफ्लता के मुकाम पर पहुंचेगा? नव्या की भूमिका निभाने पर येशा हरसोरा कहती हैं, खूबसूरत कलर्स के साथ यह मेरा पहला प्रोजेक्ट है। और मैं प्रार्थना करती हूं कि यह हमारे सहयोग के लिए एक अविश्वसनीय माहौल तैयार करे। इस शो में शामिल होना दर्शकों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करने का मेरा तरीका है, भले ही लोग उनकी क्षमता की उपेक्षा करें। मेरे किरदार की अथक भावना मुंबई के 'नेवर से डाय' रवैये के सार को प्रतिबिंबित करती है। अगर कोई एक चीज़ है जो यह शहर आपको सिखाता है, तो वह यह है कि सपनों की कोई सीमा नहीं होती है, और जज़्बा (जुनून) महत्वाकांक्षा के इंजनों को चालू रखते हुए, आत्म-संदेह को खत्म करता है। मुझे उम्मीद है कि इस प्रेरणादायक नाटक में नव्या की यात्रा हर सपने देखने वाले के दिल में आग जला देगी।

मोशनल कंपनी ने अमेरिका में 550 कर्मचारियों को बर्खास्त किया

सैन फ्रांसिस्को(एजेंसी)। ऑटोनॉमस व्हीकल टेक्नोलॉजी कंपनी मोशनल ने अमेरिका में लगभग 550 कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। जारी रिपोर्ट के अनुसार, वर्कर एडजस्टमेंट एंड रिट्रेनिंग नोटिफिकेशन (डब्ल्यूएआरएन) के अनुसार, बर्खास्त कर्मचारियों में से लगभग 145 कर्मचारी पेंसिल्वेनिया के पिट्सबर्ग शहर में काम करते थे। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी कमर्शियल संचालन रोक रही है और रोबोटैक्सी सेवा शुरू करने की योजना में देरी कर रही है। मोशनल की हर एक टीम प्रभावित हुई है, जिसमें मुख्य परिचालन अधिकारी आबे घेबरा भी शामिल हैं। मोशनल के रिमोट वाहन सहायता प्लेटफॉर्म पर काम करने वाली टीम में 'भारी कटौती' की गई है। मोशनल हुंडई मोटर ग्रुप और ऑटो पार्ट्स सप्लायर एप्टिव के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, मंगलवार 14 मई 2024

कृषि छात्रों ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र का भ्रमण

रायपुर (विसं)। के. एल. उद्यानिकी महाविद्यालय पोटियाडीह ,धमतरी के चतुर्थ वर्ष के छात्र छात्राओं ने ग्रामीण उद्यानिकी कार्य अनुभव शिक्षा अंतर्गत विगत दिनों ग्राम सम्बलपुर (धमतरी)में के.वी.के.(कृषि विज्ञान केंद्र) का भ्रमण किए। छात्र छात्राओं ने यहां बने मॉडल ग्रीन हाउस, पॉली हाउस, मिक्सड चेंबर, वर्मीवाश, वर्मी कम्पोस्टकी जानकारी प्राप्त की एवं उसके प्रयोग व उपलब्धि की बारे में भी पता लगाया। ये सभी मॉडल कैसे बनाते हैं, किस प्रकार से फसल उत्पादन में लाभदायक होता है, इन सब मॉडल के बारे में (के.वी.के.) कृषि विज्ञान केंद्र वैज्ञानिको द्वारा जानकारी छात्रों को दी गई।

संक्षिप्त समाचार

प्रदीप पुरोहित एवं टंकधर त्रिपाठी के लिए छगन लाल मुंदड़ा करेंगे चुनाव प्रचार

रायपुर (विश्व परिवार)। सीएसआईडीसी के पूर्व अध्यक्ष राज्यमंत्री छगन लाल मुंदड़ा वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज खुडीया के साथ बरगड लोकसभा प्रत्याशी श्री प्रदीप पुरोहित एवं झारसुगगुड़ा विधानसभा प्रत्याशी श्री टंकधर त्रिपाठी का चुनाव प्रचार करेंगे.

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से भेंटकर स्टूडेंट्स व उनके पैरेन्ट्स ने किया अनुरोध

रायपुर (विश्व परिवार)। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी जून माह में आयोजित हो रहे यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा को देखते हुए 18 मई को प्रस्तावित मार्गदर्शी कार्यक्रम आयाम- ऊंची उड़ान का के आयोजन की तिथि आगे बढ़ा दी गई है। परीक्षा में सम्मिलित हो रहे युवाओं व उनके पालकों ने आज रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से मुलाकात कर प्रारंभिक परीक्षा उपरांत ही कार्यशाला आयोजित करने का अनुरोध किया था।

जून में होगी यूपीएससी प्रीलिम्स, कार्यशाला की तारीख बदल दें

कलेक्टर के निर्देश पर अब आयाम-ऊंची उड़ान का आयोजन जून माह के तृतीय सप्ताह में

कार्यशाला में देश के ख्यातिलब्ध संस्थाओं के प्रमुख भी देंगे गाइडेंस

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने कहा है कि अब यह कार्यशाला यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा के बाद जून के तृतीय सप्ताह में संभावित है। कलेक्टर के निर्देश पर इस कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञों को भी आमंत्रित करने की योजना तैयार की जा रही है। कार्यशाला में सम्मिलित होने के इच्छुक प्रतिभागियों व पालकों से कहा गया है कि कार्यशाला में प्रवेश हेतु नि:शुल्क पंजीयन की प्रक्रिया जारी है, अत: https://forms.gle/V{cbawiHgkCSruRo} लिंक पर जाकर पंजीयन अवश्य करा लें।

स्कूल शिक्षा विभाग के संभाग और जिला अधिकारियों का 5 दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ

रायपुर (विश्व परिवार)। लोक शिक्षण संचालक श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग में परिवर्तन का दायित्व संभाग व जिले के शिक्षा अधिकारियों पर है उच्च प्राथमिकता के कार्यों का त्वरित क्रियान्वयन हेतु हमें प्रशासनिक रूप से दक्ष एवं योजनाओं का ज्ञान बहुत आवश्यक है और इसीलिए प्रशिक्षण आवश्यक है। छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा में प्रदेश के पांच संभाग के संयुक्त संचालकों सभी जिला शिक्षा अधिकारियों व सहायक संचालकों के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के प्रारंभिक सत्र को संबोधित कर रही थी। संभाग और जिलों के अधिकारी प्रशिक्षण पूर्व प्रीटेस्ट व प्रशिक्षण के बाद पोस्ट टेस्ट देंगे।

श्रीमती मिश्रा ने कहा कि विभाग द्वारा जारी किए गए योजना व नियम निर्देश को क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी जिलों की होती है जब हम प्रशासनिक रूप से दक्ष होंगे तभी हम इसे बेहतर कर पाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, निष्ठा पोर्टल, दीक्षा पोर्टल, प्रबंध पोर्टल, आरटीआई, पीएम पोषण योजना इत्यादि पोर्टल को भी अपडेट किए जाने की आवश्यकता है जिसके लिए दक्ष होना जरूरी है।

पूर्व प्रीटेस्ट व प्रशिक्षण के बाद पोस्ट टेस्ट देंगे यह प्रशिक्षण 5 दिनों तक चलेगा

श्रीमती मिश्रा ने कहा कि हमें अनुशासन का पालन करते हुए सुनने की आदत डालनी होगी और प्रशिक्षण को जीवंत बनाए रखना होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्वयं का आकलन करने वाला व्यक्ति कभी हार नहीं मानता। उद्घाटन सत्र में प्रशासन अकादमी के डायरेक्टर श्री टी. सी. महावर ने कहा कि विभाग के आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से अनुशासन में रहकर नियमों का पालन किए जाने की अपेक्षा की। उन्होंने अकादमी के पुस्तकालय का उपयोग भी किए जाने का सुझाव दिया। अतिरिक्त संचालक डॉक्टर योगेश शिवहरे ने इस अवसर पर कहा कि अच्छा प्रशासक वही होता है जो नियम कानून को जाने वह किसी के हाथों की कठपुतली ना बने। हमें ऐसा कार्य करना चाहिए जिससे रिटायरमेंट के बाद भी कोई समस्या खड़ी ना हो। योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए यह प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त विषयों पर भी शाम के सत्र में प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में उपसंचालक श्री आशुतोष चावरे, श्री अशोक नारायण बंजारा, श्री प्रशांत पांडेय, अकादमी के कोर्स डायरेक्टर श्री अभिषेक दुबे, डॉक्टर प्रदीप शुक्ला और नोडल प्रभारी श्री डी. दर्शन उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में श्री संजीव श्रीवास्तव बस्तर, श्री आरपी आदित्य बिलासपुर, श्री राकेश पांडे रायपुर, श्री संजय गुप्ता सरगुजा व श्री आर. एल. ठाकुर दुर्ग के संयुक्त संचालक सहित 33 जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी और 12 जिलों के सहायक संचालक उपस्थित थे।

बड़े मंदिर में चौथे तीर्थंकर अभिनंदन नाथ भगवान का गर्भ एवं मोक्ष कल्याणक दिवस पर सामूहिक अर्घ्य चढ़ाकर विश्व शांति समृद्धि की कामना की गई

रायपुर (विश्व परिवार)। जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर, 1008 अभिनंदन नाथ भगवान का गर्भ एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव राजधानी रायपुर के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड में भक्ति भाव से मनाया गया। कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संजय नायक जैन एवं पूर्व सचिव राजेश जैन रज्जन जैन ने बताया कि आज दिनांक 13 मई वैशाख शुक्ल षष्ठी सोमवार को दिगंबर जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर अभिनंदन भगवान का गर्भ एवं मोक्ष कल्याणक दिवस है। इस अवसर पर बड़े मंदिर के जिनालय में प्रात: 8.30 बजे मंगलाष्टक पढ़ कर श्री जी को पाण्डुक शिला में श्रीकार लेखन कर विनय भाव से विराजमान किया गया। 4 रजत कलशों में प्रासुक जल भरकर स्थापना करके अभिषेक प्रारंभ किया गया। आज चमत्कारिक सुखशांति प्रदाता शांति धारा की गई आज की शांति धारा करने का सौभाग्य प्रवीण जैन मामा जी को प्राप्त हुआ। आज की शांति धारा का शुद्ध वाचन पूर्व उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू द्वारा किया गया।तत्पश्चात भगवान की आरती करके अष्ट द्रव्यों से पूजन कर सम्पूर्ण विश्व में सुख शांति समृद्धि की कामना करते हुए मंत्रोचार के साथ अर्घ्य समर्पित किए गए। जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनन्दननाथ जी को अभिनन्दन स्वामी के नाम से भी जाना जाता है। अभिनन्दननाथ स्वामी का जन्म इक्ष्वाकुवंशी क्षत्रिय परिवार में माघ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को हुआ था। अयोध्या में जन्मे अभिनन्दननाथ जी की माता सिद्धार्था देवी और पिता राजा संवर थे। इनका वर्ण सुवर्ण और चिह्न बंदर था। इनके यक्ष का नाम यक्षेश्वर और यक्षिणी का नाम व्रजशृंखला था। अपने पिता की आज्ञानुसार अभिनन्दननाथ जी ने राज्य का संचालन भी किया। लेकिन जल्द ही उनका सांसारिक जीवन से मोह भंग हो गया। जिसके बाद वो राज पाठ त्याग कर मोक्ष मार्ग पर निकल पड़े।

आज के इस मंगलमय धार्मिक आयोजन के अवसर पर महावीर ज्ञान विद्या संघ के सदस्यो के साथ बड़ा मंदिर ट्रस्ट कार्यकारिणी कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संजय नायक जैन, पूर्व सचिव राजेश रज्जन जैन, पूर्व उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू, प्रवीण जैन मामा जी, प्रणीत जैन, शुभम जैन के साथ अन्य धर्म प्रेमी बंधु एवं महिलाए उपस्थित थी। -**प्रणीत जैन**

श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पंचायत ट्रस्ट की नवीन कार्यकारिणी का गठन, निर्विरोध अध्यक्ष बने यशवंत जैन

रायपुर (विश्व परिवार)। श्री दिगंबर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट कार्यकारिणी के निर्विरोध अध्यक्ष यशवंत जैन घोषित किए गए। मालवीय रोड स्थित दिगंबर जैन बड़ा मंदिर के चुनाव रविवार को होने थे। कार्यकारिणी के 5 पदों पर हुए इस चुनाव में दो पैनल ने भाग लिया था। इसमें से महावीर ज्ञान विद्या संघ के प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया। इससे चुनाव अधिकारियों ने श्री आदिनाथ विद्या सेवा संघ के यशवंत को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया। वहीं कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी श्रद्धेय जैन, लोकेश चंद्रकांत जैन और नीरज जैन को सौंपी गई है। इसके अलावा सचिव सुजीत कुमार जैन, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार जैन, सहसचिव अनूप आशीष जैन और विजय कुमार जैन नियुक्ति किए गए। नई कार्यकारिणी के सदस्यों ने मंदिर जी में श्रीजी की पूजा-अर्चना की।

स्वामी विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूलः सीबीएसई, बोर्ड परिणाम में फिर से शीर्ष स्थान पर

रायपुर (विश्व परिवार)। 1992 से सेवारत स्वामी विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल, डंगनियाँ, रायपुर (छ.ग) ने फिर से शिक्षा में उत्कृष्टता की बात को प्रमाणित किया है। सीबीएसई बोर्ड परिणाम में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

यह अद्वितीय उपलब्धि छात्रों और शिक्षकों के समर्पण का प्रमाण है जो निरंतर शैक्षिक उत्कृष्टता की दिशा में काम कर रहे हैं। स्वामी विवेकानंद के प्राचार्य सुजाता राव के अनुसार, यह स्कूल न केवल शैक्षिक सफलता को महत्त्व देता है, बल्कि हर छात्र के पूरे विकास को भी महत्वपूर्ण मानता है।

वर्षों से, स्वामी विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल ने अद्वितीय परिणाम प्रदर्शित किए हैं, शिक्षा के क्षेत्र में नए मानकों को स्थापित किया है। स्कूल का पाठ्यक्रम विचारशीलता, रचनात्मकता, और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देने के लिए संयोजित किया गया है, छात्रों को एक समय से बढ़कर बदलते वैश्विक मंच में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए तैयार करता है। शैक्षिक उत्कृष्टता के अलावा, स्कूल अच्छे चरित्र के निर्माण पर भी महत्व देता है, छात्रों में ईमानदारी, सहानुभूति, और सामाजिक जिम्मेदारी की मूल्यों को जगाता है। विविध परिसरिय कार्यक्रमों के माध्यम से, छात्रों को अपने प्रेम और प्रतिभाओं का अन्वेषण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जो एक संपूर्ण व्यक्तित्व को पोषित करता है।

इस वर्ष के सीबीएसई बोर्ड परिणाम में सर्वोच अंक हासिल करने वाले छात्रों के नाम इस प्रकार है: 1. अनुज कुशवाहा (12वीं, 93 प्रतिशत), 2. अक्षत वर्मा (12वीं, 88 प्रतिशत), संयम गुप्ता (12वीं, 87 प्रतिशत), 4. साकेत वर्मा (10वीं, 97 प्रतिशत), 5. दीपल सेन (10वीं, 96 प्रतिशत), 6. ऋतिक रौशन (10वीं, 94 प्रतिशत)।

सीबीएसई बोर्ड परिणाम में फिर से शीर्ष स्थान हासिल करने में स्वामी विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल की यह उपलब्धि न केवल संस्थान के लिए बल्कि उस समुदाय के लिए भी गर्व का विषय है जिसकी सेवा की जाती है। यह तीन दशकों से अधिक समय से सफलता के प्रमुख के रूप में स्वामी विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए स्थायित्व की स्तंभना करता है। सीबीएसई बोर्ड परिणाम में फिर से शीर्ष स्थान हासिल करने में, स्वामी विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल शैक्षिक उत्कृष्टता, पूर्ण विकास, और स्थायी मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुन: प्रमाणित किया है।

सेंट थॉमस स्कूल के छात्रों का सीजीबीएसई 10वीं तथा 12वीं में शानदार प्रदर्शन

रायपुर (विश्व परिवार)। केरलाइट्स क्रिश्चियन एसोसिएशन रायपुर द्वारा संचालित सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, डी डी यू नगर ने वर्ष 2023-24 के लिए सीजीबीएसई कक्षा दसवीं और बारहवीं में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया।

बारहवीं कक्षा में अभिषेक मिश्रा ने वाणिज्य संकाय में 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, गणित संकाय में भार्गवी तिवारी ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और ऐश्वर्या ठाकरे ने जीव विज्ञान संकाय में 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 10वीं में साक्षी त्रिपाठी ने 95.3 प्रतिशत अंक हासिल किए और प्रथम स्थान पर रहीं, आर्यन त्रिपाठी 93 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे और पी. वानिका और अदिति मिश्रा 90.16 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। कई विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों में विशिष्टता प्राप्त हुई। विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ के सदस्यों ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल एवं समृद्ध भविष्य की कामना की है।

एनआईटी रायपुर में हुआ 'सेंसटाइजेशन वर्कशॉप ऑन स्टैंडर्डाइजेशन' पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन

रायपुर (विश्व परिवार)। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में दिनांक 13 मई को 'वन डे सेंसटाइजेशन वर्कशॉप ऑन स्टैंडर्डाइजेशन' का उद्घाटन संस्थान के ई-हॉल में हुआ। इस वर्कशॉप का आयोजन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर और ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस) द्वारा साझा रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई स्टील प्लांट के चीफ जनरल मैनेजर, श्री तपस दासगुप्ता ने भाग लिया। संस्थान के निदेशक, डॉ. एन. वी. रमना राव ने इस कार्यक्रम में मुख्य संयोजक की भूमिका निभाई और बीआईएस रायपुर ब्रांच ऑफिस के हेड, श्री सुमित कुमार सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में संस्थान के डीन (आर×सी) डॉ प्रभात दीवान, डॉ जे. आनंद कुमार, एसोसिएट डीन (आर×सी), डॉ मानवेंद्र के. त्रिपाठी एसोसिएट डीन (आर×सी), बीआईएस एक्टिविटीज कोऑर्डिनेटर एन आई टी रायपुर डॉ आर. के. साहु, फैकल्टी मैंबर्स, स्टाफ और स्कॉलर्स मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में श्री सुनील कुमार ने बीआईएस के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि बीआईएस मानकों के लिए सबसे बड़ी सर्टिफिकेशन बॉडी है। बीआईएस के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा हमारे आस-पास की सभी चीजों के मानक निर्धारित हैं। उन्होंने बताया कि बीआईएस पहला संगठन है जो पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश की ज्यादातर ग्राम पंचायतों तक पहुंच बना पाया है। बीआईएस अपने हितधारकों को मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान करता है, साथ ही बीआईएस ने स्कूलों, कॉलेजों में स्टैंडर्ड क्लब बनाए हैं जो मानकों से संबंधित गतिविधियों का आयोजन करते रहते है।

इसके बाद संस्थान के निदेशक ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बीआईएस की भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि मानक दैनिक जीवन में बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ राव ने एनआईटी रायपुर और बीआईएस के साझा सहयोग से बेहतर लक्ष्य को प्राप्त करने की आशा जताई और साथ ही सभी को मानकों के बारे में जागरूक होने के लिए प्रेरित किया।

तपन दास गुप्ता ने आयोजन का हिस्सा बनने पर सम्मानित महसूस होने की खुशी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि बीआईएस हर किसी के जीवन का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा बीआईएस न केवल स्टैंडर्डाइजेशन के लिए है बल्कि यह सर्टिफिकेशन और कंसल्टेशन के लिए भी है। उन्होंने सभी को इस वर्कशॉप में अधिकतम लाभ उठाने की सलाह दी जिससे कि प्रतिभागियों को औद्योगिक स्तर का अनुभव प्राप्त होगा।

इस कार्यक्रम में विभिन्न वार्ता सत्रों, प्रेजेन्टेशन सत्रों और गतिविधियों द्वारा बी आई एस और उसके कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही संस्थान के साथ हुए एम ओ यू को लेकर आगे क्या बेहतर कार्य किए जा सकते हैं इस विषय पर चर्चा की गई।

महिंद्रा ने बनाया सफर को और आरामदायक : रालास में लॉन्च हुई नई एसयूवी 3 एक्सओ

कीमतें 7.49 लाख से शुरू, एक्सओ ट्विन एचडी स्क्रीन से भी सुसज्जित है

रायपुर (विश्व परिवार)। भारत की अग्रणी एसयूवी निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने सफर को और आरामदायक बनाने के लिए एसयूवी 3 एक्सओ को बाजार में उतारा है। इसकी कीमत 7.49 लाख रुपए से शुरू है। सोमवार को छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े डीलर रालास मोटर्स में एसयूवी 3 एक्सओ की भव्य लॉन्चिंग हुई।

इस अवसर पर रालास मोटर्स के मालिक एवं फाड़ा के प्रेसिडेंट मनीष राज सिंघानिया, चीफ गेस्ट श्री एस प्रकाश एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के जीएम श्री विमल किशोर, चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी, विवेक गर्ग, ऋषि सिंघानिया महिंद्रा के एरिया सेल्स मैनेजर आयुष पश्मीने जी अनिल अग्रवाल एवं गणमान्य सदस्य मौजूद थे।

मनीष राज सिंघानिया ने बताया कि कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में नए स्टैंडर्ड को बनाते हुए एसयूवी 3 एक्सओ को अट्रैक्टिव डिजाइन, प्रीमियम इंटीरियर, आरामदायक सवारी, अत्याधुनिक तकनीक और बेजोड़ सुरक्षा के साथ बाजार में उतारा गया है। एसयूवी 3 एक्सओ नवीनता और उत्कृष्टता के प्रति महिंद्रा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। एसयूवी 3 एक्सओ की बुकिंग 15 मई से ऑनलाइन और साथ ही महिंद्रा डीलरशिप पर शुरू होगी। वहीं डिलीवरी 26 मई से शुरू होगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ग्राहक जल्द से जल्द अपनी नई महिंद्रा एसयूवी का लुत्फ उठा सकें।

उन्होंने बताया कि एसयूवी 3 एक्सओ में तुरंत ध्यान खींचने वाला एक बोल्ड, एथलेटिक सिल्हूट है। इसमें ग्रिल पर पियानो ब्लैक फिनिश और एलईडी हेडलैंप, एलईडी डीआरएल और एलईडी फॉग लैंप के साथ एक विशिष्ट फ्रंट फेसिया है। पीछे की तरफ, इन्फिनिटी एलईडी टेल लैंप है।

एसयूवी 3 एक्सओ का इंटीरियर प्रीमियमनेस और आधुनिकता के मिश्रण के साथ इसके बाहरी हिस्से को आकर्षक बनाता है। इसके केबिन में सॉफ्ट टच लेदरेट डेशबोर्ड के साथ प्रीमियम आइवरी रंग का इंटीरियर है, जो डोर ट्रिम्स तक फैला हुआ है और सोफिस्टिकेशन फीलिंग के लिए लेदरेट सीट अपहोल्स्ट्री है। स्टीयरिंग व्हील, गियर नॉब और फ्रंट आर्मरेस्ट पर लेदर एक्सेंट प्रीमियम अहसास को और बढ़ाते हैं।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354